संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 18 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला के पिंजौर स्थित जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र पर 'जटायु' नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 347 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# एक देश, एक चुनाव से जुड़ा विधेयक संसद में पेश

## ● एक देश-एक चुनाव बिल पेश करने को लेकर वोटिंग: लोकसभा में पक्ष में 269, विरोध में 198 वोट पड़े

**ऐतिहासिक**

**विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि विभिन्न कारणों से तथा निर्वाचन महंगे और समय लेने वाले हो गए हैं**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में मंगलवार को 129वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो। विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि विभिन्न कारणों से तथा निर्वाचन महंगे और समय लेने वाले हो गए हैं, इसलिए, एक साथ निर्वाचन करवाने की अत्यंत आवश्यकता है। देश के मतदान की प्रक्रिया वाले कई हिस्सों में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के चलते संपूर्ण विकास कार्यक्रमों पर रोक लगा देता है, सामान्य जनजीवन में व्यवधान पैदा करता है, सेवाओं के क्रियान्वयन को प्रभावित करता है और निर्वाचन ड्यूटी के लिए लंबी अवधियों हेतु जनशक्ति की तैनाती से उनके मूल क्रियाकलापों में संलग्न होने को भी कम करता है। विधेयक एक नए अनुच्छेद 82क (लोकसभा और सभी विधानसभाओं के एक साथ निर्वाचन) को अंतःस्थापित करने तथा अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), अनुच्छेद 172 (राज्यों के विधान मंडलों की अवधि) तथा अनुच्छेद 327 (विधान मंडल के लिए निर्वाचनों के संबंध में उपबंध करने की संसद की शक्ति) का संशोधन करने का प्रस्ताव करता है। लोकसभा में पेश किए गए विधेयक से जुड़े प्रावधान इस प्रकार हैं - संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 संविधान के तीन अनुच्छेदों में संशोधन करके एक नया अनुच्छेद, अनुच्छेद 82ए जोड़ने का प्रस्ताव करता है। इसमें प्रावधान है कि राष्ट्रपति साधारण निर्वाचन के बाद लोकसभा की पहली तारीख की पहली बैठक को अधिसूचना जारी कर इस उपबंध को लागू करेंगे और अधिसूचना की यह तारीख ही नियत तारीख कहलाएगी। विधेयक में यह भी व्यवस्था की गई है कि अगले अनुच्छेद 83 और अनुच्छेद 172 में किसी बात के होते हुए भी नियत तारीख के पश्चात और लोकसभा की पूर्ण अवधि की समाप्ति के पूर्व होने वाले किसी भी साधारण निर्वाचन में गठित सभी विधान सभाएं लोकसभा की पूर्ण अवधि की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगी।

अगर लोकसभा के साथ किसी विधानसभा का निर्वाचन नहीं कराया जा सकता है तो वह राष्ट्रपति को इसके लिए सिफारिश करेगा कि वह उसके लिए अलग से निर्वाचन कराने की अनुमति दे। विधानसभा की तारीख भी उसी दिन खत्म मानी जाएगी, जिस दिन लोकसभा की पूर्ण अवधि समाप्त होगी। विधेयक में प्रावधान है कि संविधान के अनुच्छेद 172 में कुछ खंड जोड़े जाएंगे। इसके तहत यह व्यवस्था होगी कि अगर बीच में विधानसभा भंग हुई तो बचे हुए समय के लिए ही राज्य में चुनाव कराकर सरकार का गठन हो।

### पर्ची से मतदान होने के बाद पक्ष में वोट बढ़े

12:10 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। विपक्षी सांसदों ने बिल का विरोध किया, जिसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने बिल पेश करने को लेकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग कराई। इसमें 369 सदस्यों ने वोट डाला। पक्ष में 220, विपक्ष में 149 वोट पड़े। इसके बाद विपक्ष के सदस्यों ने आपत्ति जताई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर उनको ऑब्जेक्शन है तो पर्ची दे दीजिए। इस पर स्पीकर ने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि अगर किसी सदस्य को लगे तो वह पर्ची के जरिए भी अपना वोट संशोधित कर सकता है। इसके बाद ज्यादा सांसदों ने वोट डाला। पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। इसके बाद 1:15 बजे कानून मंत्री ने दोबारा बिल पेश किया।

# कांग्रेस ने संविधान में 77 बार संशोधन किए: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में मंगलवार को कहा कि दोनों सदनों में संविधान पर हुई चर्चा युवाओं और अगली पीढ़ी के लिए बहुत शिक्षाप्रद होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संविधान में 22 बार संशोधन किया, जबकि कांग्रेस ने 77 बार संशोधन किया। उन्होंने कहा कि संशोधनों के कारण पार्टी के चरित्र और संविधान में उसकी आस्था को दशार्ने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने का काम किया, तो वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि लोग देखेंगे कि किस पार्टी ने संविधान को बरकरार रखा है। सरदार वल्लभभाई पटेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हीं की बदौलत देश दुनिया का मजबूती से सामना कर पा रहा है।

## केजरीवाल से मिलने गए डीटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी बैरंग लौटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सेवानिवृत्त कर्मचारी मंगलवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए आम आदमी पार्टी कार्यालय पर पहुंचे। कर्मचारियों की केजरीवाल से मुलाकात नहीं हो सकी। हालांकि, पार्टी कार्यालय के कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही उन्हें केजरीवाल से मिलने का समय दिया जाएगा।
डीसी इंप्लाइज प्रोग्रेस फेडरेशन के महासचिव सुनील जैन ने एक वक्तव्य में कहा कि 17 दिसंबर को आम आदमी पार्टी कार्यालय के मुख्यालय पर करीब 300 से अधिक डीटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारी अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंचे। बिना पहले से समय लिये केजरीवाल से नहीं मिल सकते।

## 'डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही'



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर में मंगलवार को आयोजित "एक वर्ष- परिणाम उत्कर्ष" कार्यक्रम में कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें सुशासन का प्रतीक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। ये प्रोजेक्ट राजस्थान को देश के सबसे कनेक्टेड राज्यों में से एक बनाएंगे। इससे राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा। रोजगार के अनगिनत अवसर बनेंगे। राजस्थान के टूरिज्म को, यहां के किसानों को, नौजवान साथियों को इससे बहुत फायदा होगा। मोदी ने कहा कि भाजपा जो भी संकल्प लेती है, उसको पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास करती है। आज देश के लोग कह रहे हैं कि भाजपा सुशासन की गारंटी है। तभी तो एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

**पीठ थपथपाई**

**एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना भारी जनसमर्थन मिल रहा है : पीएम मोदी**

## 14वीं विधानसभा का 7वां सत्र बुधवार से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा का 7वां सत्र बुधवार से धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में शुरू हो रहा है। चार दिवसीय इस सत्र के दौरान विपक्ष के तेवरों को देखते हुए तय है कि धौलाधार की ठंडी वादियों में स्थित तपोवन जरूर गरमाने वाला है।
शीतकालीन सत्र के लिए प्रदेश सरकार और विपक्ष के विधायक भी धर्मशाला पहुंच चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष तो सोमवार को ही धर्मशाला पहुंच चुके थे, जबकि मुख्यमंत्री बुधवार शाम धर्मशाला पहुंचे।



राष्ट्र निर्माण में समर्पित महिलाओं के पहले पुरस्कार समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर व अन्य।

## दस साल पहले नियमित कर्मचारियों को मिलेगा पदोन्नति लाभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** सरकार 10 साल पहले नियमित किए गए कर्मचारियों को पदोन्नति देने जा रही है। पिछले 13 जून से इन कर्मचारियों को पहली पदोन्नति और एश्योर्ड करियर प्रमोशन (एसीपी) का लाभ दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब पांच हजार कर्मचारियों को फायदा होगा। हालांकि ये पदोन्नतियां सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर निर्भर करेंगी। हरियाणा में 10 साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार द्वारा पक्के किए गए कर्मचारियों को अब नायब सरकार पदोन्नति देगी। मानव संसाधन विभाग ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्ष, बोर्ड-निगमों के प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रशासक, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार, मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले छह मार्च को अंतरिम आदेश के तहत इन कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक हटा दी थी।

## कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ खतरों से बचाने के लिए 'किसान कवच' लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को भारत का स्वदेशी कीटनाशक रोधी सूट 'किसान कवच' लॉन्च किया। किसान कवच किसानों को कीटनाशकों से होने वाले स्वास्थ्य खतरों से बचाएगा। इसकी कीमत चार हजार रुपये है और इसे 150 बार धोया जा सकता है। यह कवच लगभग दो साल तक चलेगा। यह कवच खास कपड़े और तकनी से बना है सूट है।

## दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि में कमी अस्थायी झटका: वित्त मंत्री

**स्पष्ट किया**

**पिछले तीन वर्षों में देश की जीडीपी वृद्धि औसतन 8.3 फीसदी रही है। यह एक बेहतरीन संख्या है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 5.4 फीसदी रही है। यह आंकड़ा उम्मीद से कम है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में इसमें सुधार होगा वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों पर अपने जवाब में कहा कि दूसरी तिमाही में वृद्धि की प्रवृत्ति एक अस्थायी झटका है और अगली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में बेहतर वृद्धि देखने को मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि सरकार पूंजीगत व्यय के जरिए विकास को आगे बढ़ा रही है, ताकि अर्थव्यवस्था में इसके गुणक प्रभाव को फैलाया जा सके। सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही भारत और दुनिया की अधिकांश अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतीपूर्ण रही है। पिछले तीन वर्षों में देश की जीडीपी वृद्धि औसतन 8.3 फीसदी रही है। वैश्विक मानकों के हिसाब से यह एक बेहतरीन संख्या है।
वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 फीसदी और जुलाई-सितंबर अवधि में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ी है। सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से कम 5.4 फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर एक ह्यह्यअस्थायी झटकाह्लह्ल है, लेकिन आने वाली तिमाहियों में अर्थव्यवस्था में अच्छी वृद्धि देखने को मिलेगी। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन में इस पर बेहतर नियंत्रण है, जबकि यूपीए के शासन में यह दोहरे अंक को छू गई थी। विनिर्माण क्षेत्र में कोई सामान्य मंदी नहीं है, आधे विनिर्माण क्षेत्र मजबूत वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। अप्रैल से अक्टूबर 2024-25 के दौरान खुदरा महंगाई 4.8 फीसदी रही, यह कोरोना महामारी के बाद सबसे कम है।

## धर्मगुरु दलाई लामा को भारत रत्न देने की संसद में उठी आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्मशाला:** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को देश के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित करने की मांग एक बार फिर से संसद में भी उठी है। इस बार अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद तापिर गाव ने संसद में इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 14वें तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दलाई लामा का पूरे विश्व में शांति करुणा और दया भाव को लेकर जो संदेश रहा है उससे उनके लाखों में अनुयायी है। इस बात को पुरजोर तरीके से उठाते हुए धर्मगुरु को भारत रत्न देने की मांग की है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी धर्मगुरु दलाई लामा को भारत रत्न देने की मांग पूर्व सांसद रहे शांता कुमार और भाजपा सांसद किशन कपूर ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को भारत रत्न देने का समर्थन किया था। हालांकि कई बार इस मुद्दे को विभिन्न मंचों में उठाया गया लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है। अब देखना यह है कि क्या भारत सरकार तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजेगी या नहीं।




# नगर निगम की दो सीट पर उपचुनाव, पहुंचे मतदाता



टीम एक्शन इंडिया

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद में नगर निगम की दो रिक्त सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है। मतदान वार्ड नंबर 19 और 21 के लिए हो रहा है। यह दो सीटें पार्षदों की निधन के बाद खाली हो गई। दिव्यांग बुजुर्ग ने वार्ड 19 के महर्षि दयानंद स्कूल में मतदान किया। भोवापर में उपचुनाव के दौरान कौशांबी कान्वेंट पब्लिक स्कूल में मतदान करने के लिए मतदाता लाइन में लगे हुए दिखे। वार्ड 19 के सेठ मुकंदलाल इंटर कॉलेज मतदान केंद्र में लोग मतदान करने पहुंचे।

# एक से नौ और 11वीं की कक्षाएं हाइब्रिड मोड में चलेंगी



टीम एक्शन इंडिया

**ग्रेटर नोएडा:** दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 की पाबंदियां दोबारा लागू होने के बाद गौतमबुद्ध नगर में कक्षा एक से नौ व 11वीं की कक्षाओं को हाइब्रिड मोड पर चलने का निर्देश जारी किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डाक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर स्कूलों को हाइब्रिड मोड में कक्षाओं के संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा के कारण उन्हें हाइब्रिड मोड में चलाने के लिए कोई निर्देश नहीं जारी किए गए हैं।

# फर्जी दस्तावेजों से अदालत को गुमराह करने में रवि काना के खिलाफ केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**ग्रेटर नोएडा :** बीटा-2 कोतवाली पार्क पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद आरोपी रवि नागर उर्फ रवि काना उर्फ रविंदर और उसके सहयोगियों पर फर्जी हस्ताक्षर और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अदालत को गुमराह करने का मामला दर्ज किया है। विवेचना के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी रवि नागर ने 1 जनवरी 2024 को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डे से थाईलैंड की उड़ान भरी थी। 27 अप्रैल 2024 को वापस लौटा था। विदेश में रहते हुए उसने अपने गैंग के अज्ञात साथियों के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षरों और कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर जिला सत्र न्यायालय गौतमबुद्धनगर में अग्रिम जमानत का प्रार्थना-पत्र दाखिल किया। इस मामले में जांच कर रहे है नॉलेज पार्क के कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने केस दर्ज कराया है। उनके अनुसार आरोपी द्वारा अदालत के साथ धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने आरोपी रवि नागर और उसके गैंग के अन्य अज्ञात सहयोगियों पर आपराधिक षड्यंत्र और फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त रवि नागर ने विदेश में रहते हुए जमानत के लिए फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराए। इससे न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्रित कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी और उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। रवि काना के खिलाफ सेक्टर 39 में सामूहिक दुष्कर्म और थाना बीटा-दो में गैंगस्टर अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज है। आरोपी इस मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए एक जनवरी 2024 को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-3 से थाई एयरबेस की उड़ान से बैंकॉक चला गया था और वह 27 अप्रैल 2024 को भारत वापस आया था। काना के लौटने पर नोएडा पुलिस ने उसे हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।



## सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहने वाला गिरफ्तार

**नोएडा :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले एक आरोपी को कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, मोबाइल और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। नोएडा के एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक, झूठ और भड़काऊ बातें कही जा रही थीं। इस वीडियो में अलगाववादी बातें करके देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने व सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस की टीम ने मालदा पश्चिम बंगाल निवासी शेख अताउल को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी शेख अताउल बांग्लादेश बॉर्डर से कुछ दूरी पर पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में रहता है और काफी समय पहले बांग्लादेश से आकर बस गया था।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242319 | एडाप्टर | 38147 नग | 08.01.2025 |
| 02 | 15245247 | आटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट | 01 नग | 15.01.2025 |
| 03 | 09242040 | स्प्रिंग प्लान्क | 1034 नग | 03.02.2025 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 82/2024-25 दिनांक : 17.12.2024 3864/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या: 35-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 16.12.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–एः दिल्ली डिवीजन में 20000 से अधिक और 50000 से कम टीवीयू वाले 13 एल–जिंग गेटों के इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में 25 केवी/230 वी, 10 केवीए, सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। भाग–बीः दिल्ली डिवीजन के एडीएसटीई/एमयूटी के अनुभाग में नॉन–इंटरलॉक्ड एलसी नंबर 11, 65 और 74 के इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में 25 केवी/230 वी, 10 केवीए, सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 94,67,548.28/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 1,89,400/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 26.12.2024 (10:30 बजे) से 09.01.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 09.01.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3855/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी करण उर्फ हैप्पी पुत्र** श्री. युधिष्ठिर, **पताः** डी–87 जेजे कॉलोनी ख्याला, **दिल्ली FIR No. 300/2017, U/S: 380/381/70/506/34 IPC, पुलिस थानाः सागर पुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ हैप्पी**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ हैप्पी**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **करण उर्फ हैप्पी, FIR No. 300/2017, U/S: 380/381/70/506/34 IPC, पुलिस थानाः सागर पुर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.01.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
18, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16535/SW/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सुमित उर्फ पुची, पुत्रः** मान सिंह पताः झुग्गी नंबर 101/59 सी डी पार्क जहांगीरपुरी, **दिल्ली FIR No. 158/23, U/S: 379/34 IPC, पुलिस थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ पुची**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ पुची**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुमित उर्फ पुची, FIR No. 158/23, U/S: 379/34 IPC, पुलिस थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.01.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निहारिका कुमार शर्मा
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तरी कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16487/NW/2024
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा

**खुली निविदा संख्या 50–अम्बाला/2024–25 दिनांक 17.12.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/बीटीआई अनुभाग में विभिन्न एलएचएस और अन्य विविध कार्यों के लिए रिवर्स रैंप का प्रावधान। | 79,20,637 | 1,58,400 | 04 महीने | 09.01.2025 |
| 2 | एडीईएन/पीटीए अनुभाग में विभिन्न एलएचएस और अन्य विविध कार्यों के लिए रिवर्स रैंप का प्रावधान। | 93,06,861 | 1,86,100 | 04 महीने | 09.01.2025 |
| 3 | एलडीएच–डीयूआई सेक्शन पर एल–एक्सिंग नंबर 5 किमी 5.566 पर विशेष मानवयुक्त स्थान पर पुशिंग द्वारा स्थानांतरित स्थान पर कवर शेड के साथ एलएचएस (6m x 5.0m) का निर्माण। | 6,07,63,971 | 4,53,800 | 10 महीने | 09.01.2025 |
| 4 | सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के तहत एनएमडीए-एसएनएल (किमी 43.10-95.00) और एनएलडीएम-डीएलपीसी (किमी 103.95-163.275) और सीनियर डीईएन-I/यूएमबी के तहत एमओवाई-यूएमबी (किमी 189.12-197.14) सीडीजी-एनएमडीए (किमी 0.0-43.10) और सीडीजी-केएलके (केएम 242.17-266.93) खंड पर एलआईडीएआर सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का क्रमिक सत्यापन। | 28,36,875 | 56,700 | 02 महीने | 09.01.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3867/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/दिन | नीलामी प्रारंभ तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB-PARKING1224 | अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन (सर्कुलेटिंग एरिया) पर पार्किंग ठेका। कुल एरिया–2074.66 वर्ग मी.। (साईट प्लान के अनुसार | कुल लाइसेंस फीस | 90 | 26.12.2024 11:00:00 |
| 2. | UMB-MIX0624 | 2nd एंट्री, अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर संयुक्त पार्किंग हेतु। कुल एरिया–500 वर्ग मी.। | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1095 | 27.12.2024 11:00:00 |
| 3. | UMB-PARKING13-24 | जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका (साईट प्लान के अनुसार) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1095 | 01.01.2025 10:00:00 |
| 4. | UMB-PARKING13-24 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सुर्कलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया–2384.74 वर्ग मी.। | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1095 | 01.01.2025 10:00:00 |
| 5. | UMB-PARKING13-24 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन 2nd एंट्री (पंचकुला साइट) पर प्राइवेट कार (7864 वर्ग मी.), भाड़ा (Hired) वाहन (1666 वर्ग मी.), तीन पहिया (786 वर्ग मी) और दो पहिया (1709 वर्ग मी.) का ठेका। कुल एरिया–12,025 वर्ग मी.। | कुल लाइसेंस फीस | 181 | 01.01.2025 10:00:00 |
| 6. | UMB-PARKING13-24 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का पार्किंग ठेका। कुल एरिया–1156.36 वर्ग मी.। | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1096 | 01.01.2025 10:00:00 |
| 7. | UMB-CR-PnU-0224 | अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन में क्लॉक रूम प्रबंधन का ठेका। 12 फीट X 12 फीट आयाम वाला, यानि कुल क्षेत्रफल 144 वर्ग फीट (13.38 वर्गमीटर) | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1826 | 24.12.2024 11:00:00 |
| 8. | UMB-MIX0624 | साइट योजना के अनुसार, धांसू – रायपुर हरियाणा रेलवे स्टेशन के बीच क्रॉसिंग नंबर 57–सी पर कुल क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट के 02 यूनिपोल/होर्डिंग्स के लिए विज्ञापन | वार्षिक लाइसेंस फीस | 1826 | 27.12.2024 11:00:00 |

धरोहर राशि, बोली मूल्य में कम से कम बढ़ोतरी मूल्य, नीलामी आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3863/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खालिद आलम पुत्र शमशाद आलम पता कमरा नं361, ए ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली ने एफआईआर सं. 199/2023 दिनांक 02.06.2023 धारा 283 मा.द.स. के तहत** थानाः गुलाबी बाग, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद खालिद आलम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद खालिद आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 199/2023 दिनांक 02.06.2023 धारा 283 मा.द.स. के तहत** थानाः गुलाबी बाग, दिल्ली **के उक्त मोहम्मद खालिद आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
तानिया सिंह
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
केन्द्रीय–02, कमरा नं.296ए, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16498/N/2024

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर–I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली–110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | पांच डिवीजनों दिल्ली (डीएलआई), मुरादाबाद (एमबी), अंबाला (यूएमबी), फिरोजपुर (एफजेडआर), और लखनऊ (एलकेओ) में सीएओ/सी/आरएसपी यूनिट, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र के भीतर विभिन्न आरओबी/आरयूबी और अन्य कार्यों के निर्माण के लिए सीएओ निर्माण (आरएसपी) यूनिट के लिए पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | ₹ 79,24,39,974.00 (रुपये उनासी करोड़ चौबीस लाख उनतालीस हजार नौ सौ चौहत्तर) |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 48 (अड़तालीस) माह |
| 4 | बयाना राशि | ₹41,12,200.00/- (रुपये इकतालीस लाख बारह हजार दो सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | वेबसाइट निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 16.12.2024 से 17.01.2025, 11:30 बजे तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 17.01.2025 तक, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2025, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय तक |

सं.: 09/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 16.12.2024 3852/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।




# सीएम ने अकेडमिक ब्लॉक का किया उद्घाटन

## मुकुंदपुर गांव की घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच बना स्कूल का ये शानदार ब्लॉक प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है: सीएम

**शिक्षा पर बल**

**केजरीवाल की शिक्षा क्रांति की बदौलत अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं बनता: सीएम**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर गांव स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एक नया वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक तैयार करवाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने उद्घाटन कर इस स्कूल को बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि मुकुंदपुर गांव की घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच बना स्कूल का ये शानदार ब्लॉक प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति की बदौलत अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं बनता, अच्छी शिक्षा पाकर अपने सपने पूरे करता है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 24,000 कमरे बने लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने मात्र 10 सालों में 65 सालों का काम किया और 22,000 से ज्यादा कमरे बनवाए। स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान आतिशी ने कहा कि मैंने बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की लेकिन ऐसी सुविधाएं वहां भी नहीं थींआतिशी ने कहा कि इतनी घनी आबादी इतनी संकरी गलियों के बीच इतनी शानदार बिल्डिंग बनी है। इस पूरे इलाके के प्राइवेट स्कूलों में इतनी शानदार बिल्डिंग, इतने शानदार क्लासरूम, लैब नहीं मिलेंगे। नए अकेडमिक ब्लॉक से छात्राओं को होगा फायदा, पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना होगा। इस बिल्डिंग के बनने से पहले घनी आबादी के कारण यहां एक क्लास में 80-80 बच्चे बैठते थे।

जब एक क्लास में इतने बच्चे बैठते हैं तो चाहे टीचर कितनी भी कोशिश करें लेकिन पढ़ाई का वो स्तर नहीं आ पाएगा। लेकिन इस नई बिल्डिंग के साथ अब यहां पढ़ाई के स्तर में भी सुधार

### दिल्ली सरकार की सभी इमारतों में अब 5 स्टार रेटिंग एसी और एनर्जी एफिशिएंट पंखों का उपयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बिजली बच**त की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सभी अपनी सरकारी इमारतों में कम बिजली खपत करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटिंग वाले एयर कंडीशनर के साथ-साथ बेहतर स्टार रेटिंग वाले बिजली के उपकरणों का उपयोग अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय को मुख्यमंत्री आतिशी से मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि सरकार के इस निर्णय से न केवल बिजली की बचत होगी बल्कि सालाना करोड़ो रुपये की भी बचत होगी। इस बाबत जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को आतिशी ने कहा, "हमारी सरकार ने ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है कि सभी सरकारी इमारतों में कम बिजली इस्तेमाल करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर और अन्य ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग अनिवार्य होगा। यह कदम न केवल बिजली खपत और बिलों को कम करेगा बल्कि एक हरित भविष्य की दिशा में भी बड़ा योगदान देगा। यह पहल देशभर के लिए एक उदाहरण बनेगी कि कैसे टेक्नोलॉजी इनोवेशन और सही पॉलिसी के जरिए ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है।" हमारा लक्ष्य है कि सरकारी इमारतों में ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए बिजली को बचाया जाए।

# उपराज्यपाल ने ओखला लैंडफिल साइट का किया दौरा



**निपटान**

**एमएसडब्ल्यू के जैव उपचार की स्थिर और कई मामलों में गिरती दर पर गहरी निराशा व्यक्त की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को ओखला लैंडफिल साइट का दौरा किया और स्थिति का जायजा लेने के बाद ठोस कचरे के निपटान में सुस्ती पर निराशा व्यक्त की। पिछले कुछ महीनों में शहर में सड़कों पर खुले में पड़े कूड़े की मौजूदा समस्या और उसके निपटान की कमी के संबंध में आरडब्ल्यूए, एमटीए, नागरिक समूहों और जन प्रतिनिधियों ने उपराज्यपाल सचिवालय को कई ज्ञापन भेजे थे। इसके बाद उपराज्यपाल ने पिछले हफ्ते अधिकारियों की एक बैठक बुलाई और फिर कल साइट का दौरा किया। उपराज्यपाल ने ओखला और शहर के अन्य लैंडफिल स्थलों पर नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) के जैव उपचार की स्थिर और कई मामलों में गिरती दर पर गहरी निराशा व्यक्त की। दौरे के समय यह बात सामने आई कि औसत निपटान जो पहले लगभग 22,000 मीट्रिक टन प्रति दिन हो गया था अब घटकर लगभग 20,000 मीट्रिक टन प्रति दिन हो गया है। उपराज्यपाल को बताया गया कि बायोरेमेडिएशन का काम अभी बंद है और 28 नवंबर तक ओखला में लगभग 4000-5000 मीट्रिक टन प्रतिदिन की दर से काम किया जा रहा था। उन्हें यह भी बताया गया कि बायोरेमेडिएशन की सबसे धीमी गति गाजीपुर साइट पर थी।

# अवैध सम्बन्ध के चक्कर में युवक की हत्या




**वारदात**

**पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची लेकिन घायल कुछ बताने की स्थिति में नहीं था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में रितिक नामक एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। आरोप है कि रितिक का हत्यारोपित अजमत की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। अजमत ने उन दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखने के बाद वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार को अजमत ने अपनी पत्नी को रितिक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो उसने रितिक और पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल रितिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित अजमत को गिरफ्तार कर लिया है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि सोमवार दोपहर मारपीट के संबंध में शास्त्री पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तब तक घायल रितिक को उसके परिजनों की ओर से जग प्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका था। पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची लेकिन घायल कुछ बताने की स्थिति में नहीं था। उसकी स्थिति गंभीर होता देख उसे जीटीबी अस्पताल में रेफर किया गया। सोमवार रात 9 बजे जीटीबी अस्पताल में इलाज के दौरान रितिक ने दम तोड़ दिया।

# लूटपाट के मामले में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हरि नगर इलाके में नकली पुलिस अधिकारी की टीम बनाकर छात्रों के फ्लैट में चेकिंग के बहाने घुसकर लूटपाट करने वाले एक गैंग का पदार्फाश करते हुए चार आरोपितों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस, एक लाख नकद और वारदात में इस्तेमाल कार को जब्त किया है। आरोपितों की पहचान मनप्रीत सिर्फ उर्फ ट्विंकल, जुनैद वजीर उर्फ मोंटी, कुलदीप सिंह उर्फ अंशु और सरबजीत उर्फ प्रिंस के रूप में हुई है। ये सभी आरोपित तिलक नगर, सागरपुर, हरी नगर और तिलक मार्ग इलाके के रहने वाले हैं।

# भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस




**मांग**

**संविधानिक दायित्वों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी लापरवाही को उजागर करती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए भ्रामक विज्ञापन के मामले में 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया किए हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने मंगलवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सीसीपीए ने 13 नवंबर को कोचिंग सेंटरों को माल या सेवा की बिक्री को बढ़ावा देने और भ्रामक या अनुचित प्रथाओं में संलग्न होने के लिए झूठे या भ्रामक दावे व विज्ञापन करने से रोकने के लिए कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं। वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से यूपीएससी सिविल सेवा, आईआईटी और अन्य प्रवेश परीक्षाओं के लिए नामांकन कराने वाले छात्रों और उम्मीदवारों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुकदमेबाजी से पहले के चरण में सफलतापूर्वक हस्तक्षेप किया है। विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेष रूप से छात्रों व अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई कई शिकायतों के बाद, एनसीएच ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ रुपये की वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग प्रगतिशील कानून बनाकर उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ताओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रहा है। वैश्वीकरण, प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स बाजार आदि के नए युग में उपभोक्ता संरक्षण को नियंत्रित करने वाले ढांचे को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को निरस्त कर दिया गया और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा-10 के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की स्थापना की गई है।

# पुलिस ने 50 से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित को दबोचा



**काबू**

**इसके बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी कि यह उत्तम नगर के सफेदा पार्क के पास आने वाला है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** द्वारका जिला की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) ने सेंधमारी, चोरी और स्नेचिंग की 50 से ज्यादा वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान राजन उर्फ शेखर के रूप में हुई है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपित उप्र के मथुरा का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस टीम ने उत्तम नगर, द्वारका साउथ, पालम गांव, नॉर्थ रोहिणी थाना के पांच मामलों का खुलासा किया है। इसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, एक पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया है।डीसीपी के अनुसार एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम ने टेक्निकल सर्विलेंस की मदद से इसके बारे में पता लगाना शुरू किया था। पुलिस टीम को इसके बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी कि यह उत्तम नगर के सफेदा पार्क के पास आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने आरोपित को दबोचा। तलाशी में हथियार बरामद किया गया। जिस मोटरसाइकिल से यह जा रहा था।

# नौ दिन में पांचवी बार मिली स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**जांच जारी**

**पुलिस ने तत्काल मौके पर जाल बिछाया और थोड़ी ही देर बाद बाइक से आरोपित मौके पर आया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह फिर से स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। नौ दिनों में बम की धमकी की ये पांचवी घटना है। दमकल विभाग के अनुसार मंगलवार पहली कॉल सुबह 8.32 बजे रोहिणी के सरस्वती विहार स्थित क्रिसेंट प लिक स्कूल को बम की धमकी के बारे में कॉल आई। दूसरी कॉल डिफेंस कॉलोनी स्थित एक प्राइवेट स्कूल को सुबह 10.02 बजे मिली। दोनों मामलों की जांच चल ही रही थी कि दोपहर एक बजे दिलशाद गार्डन स्थित एक प्राइवेट स्कूल को धमकी मिली।

मामले की सूचना मिलते ही तीनों मामलों में दिल्ली दमकल विभाग, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दल और डॉग स्क्वायड स्कूल पहुंचे। पुलिस सूत्रों के अनुसार ईमेल में लिखा था कि स्कूल में बम है। करीब दो घंटे की जांच के बाद स्कूल से कुछ नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार मेल में लिखा था कि स्कूल में दो जगह बम रखा हुआ है। यह बम एक-एक करके ब्लास्ट होगा। मंगलवार सुबह जब स्कूल स्टाफ आया तो उन्होंने मेल को देखकर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि पूरे स्कूल की बिल्डिंग की तलाशी ली गई लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ई-मेल के आईपी एड्रेस समेत अन्य तकनीकी जानकारियों को जुटाने में लगी है।

# विष्णुदत्त शर्मा ने गिनवाईं नई शिक्षा नीति की उपलब्धियां



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और खजुराहो से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उपलब्धियां गिनवाईं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने शिक्षा का वामपंथीकरण, तुष्टीकरण किया था जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने शिक्षा का भारतीयकरण किया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए शिक्षा को समावेशी, सुलभ और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है।

**नई शिक्षा नीति से छात्रों की संख्या में वृद्धि**

भाजपा सांसद ने कहा कि इस शिक्षा नीति के लागू होने से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की संख्या में भी 50.1 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नई शिक्षा से अनुसूचित जाति की महिला नामांकन में 61 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में नामांकन में 75 और कुल महिला नामांकन में 96.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पूर्वांचल के क्षेत्र में भी महिलाओं की नामांकन संख्या में लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि होना क्षेत्र के लिए एक बेहतर प्रयास है। मान्यता प्राप्त कॉलेज की संख्या 2015 में 6241 से आज 2024 में 9807 हुई है। इसी प्रकार से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों की संख्या में नई शिक्षा नीति आने के बाद दोगुनी से अधिक 120 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वीडी शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति लाने की प्रक्रिया 2015 से शुरू हुई थी, जिसमें ढाई लाख ग्राम पंचायतों, 6600 विकासखंड, 6000 नगरीय निकाय और 6 हजार 76 जिलों से करीब दो लाख सुझावों के बाद यह नई शिक्षा नीति लाने का कार्य किया गया है। नई शिक्षा नीति व्यक्ति के समग्र विकास, सभी को सुलभ शिक्षा देने और भारत में ज्ञान आधारित समाज बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए बनाया गया है। केंद्र ने नई शिक्षा नीति में खेल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा, एनसीईआरटी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत जो पाठ्यक्रम, शिक्षा ढांचा तैयार किया गया है, वह बदलते समय के साथ छात्रों को शिक्षा देने के अनुकूल करने और 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगा।



## न्यूज फ्लैश

### एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का सेमिनार आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। इस अवसर पर भ्रष्टाचार विरोधी गतिविधियों में मुख्य योगदान देने पर संजय चावला, कमल गोयल, हरीश वधावन, जरनैल सिंह, कृष्ण लाल चड्ढा, हरीश कुमार, नवनीत, कशिश, आनंद गुप्ता, राकेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश पाल, अवतार सिंह तारी, रवि बंसल, मुकेश शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। नरेंद्र अरोड़ा ने युवाओं को भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन का इंटरनेशनल एंटी करप्शन डे का 2024 का थीम भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट होना, कल की ईमानदारी को आकार देना है। इस थीम का उद्देश्य युवाओं को भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों में शामिल करना है। इस थीम के तहत युवाओं को भ्रष्टाचार और उसके प्रभावों के बारे में शिक्षित करने और उन्हें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखा जाएगा। भ्रष्टाचार मुक्त भविष्य के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका को मान्यता दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन शर्मा, अजीत राही, महेश हसीजा, पवन कुमार कंसल, सतनारायण गर्ग, तरसेम लाल गुप्ता, सुरेन्द्र मोहन गाबा, प्रधान शाम कपूर, विजय पाल भाटिया, एडवोकेट अनिल मलिक, विकास नागपाल, कोमल प्रकाश खेत्रपाल आदि उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप जूनियर वर्ग में एम डी स्कूल सरढ़ाणा के छात्रों ने बाजी मारी



**गन्नौर। एम.डी. सीनियर** सेकेंडरी स्कूल सरढ़ाना के छात्रों ने उड़ीसा में हो रही राष्ट्रीय जीवन रक्षक वर्ल्ड चैंपियनशिप जूनियर वर्ग में 12वीं कक्षा के छात्र वंश गांव सरढ़ाना ने प्रथम स्थान और सागर ने तृतीय स्थान हासिल कर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। विद्यालय द्वारा दोनों बच्चों का भव्य स्वागत किया गया और प्रधानाचार्य जोगेन्द्र सिंह मलिक व अन्य स्टाफ सदस्य द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जोगेन्द्र मलिक व अंजू मलिक ने बच्चों को ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया। मलिक ने बताया कि स्कूल में शिक्षा के साथ- साथ खेलो को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे है। इसी का परिणाम है कि स्कूल के छात्र पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है।

### डीसी डॉ विवेक भारती ने किया सब डिपो वर्कशॉप का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, । उपायुक्त डॉ विवेक भारती** ने आज महेंद्रगढ़ में रोडवेज सब डिपो के लिए तैयार वर्कशॉप का निरीक्षण किया। इस पर करीब 7 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्कशॉप बनकर तैयार है। अब जल्द ही यहां पर आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने नारनौल रोडवेज के जनरल मैनेजर अनित यादव को निर्देश दिए यहां पर स्टाफ से संबंधित सभी प्रकार औपचारिकताएं जल्द पूरी करवाएं। इस मौके पर जीएम रोडवेज ने बताया कि सब डिपो के लिए 40 से 50 बसें तथा पर्याप्त मात्रा में स्टाफ के लिए सरकार को लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्कशॉप शुरू होने के बाद यहीं से बसों की मरम्मत आदि का भी कार्य शुरू हो जाएगा। बसों का चालन परिचालन भी यहीं से रहेगा। इसके बाद डीसी ने बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। यहां पर शौचालय का अच्छी तरह से रखरखाव पर स्टाफ की सराहना की।

# टायर जलाने की शिकायत पर डीसी डॉ विवेक भारती ने दिए सख्ती के निर्देश

## जिला में ग्रेप-4 की पालना सुनिश्चित करें अधिकारीः उपायुक्त डॉ विवेक भारती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़, । उपायुक्त डॉ** विवेक भारती ने कहा कि जिला में ग्रेप-4 लागू है। इसकी कड़ाई से पालना की जाए। आम नागरिक भी कोई ऐसा काम ना करें जिससे धूल और धूआं हो। डीसी आज महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में साप्ताहिक कैंप व समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। आज कुल 44 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान महेंद्रगढ़ शहर के मौहल्ला महायचान में कबाड़खाना में टायर जलाने की शिकायत पर उपायुक्त ने नगरपालिका सचिव को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि अधिकारी इस मामले पर कड़ी नजर रखें। अगर मौके पर कोई प्रदूषण करता मिले तो जुमार्ना लगाएं। अगर दोबारा ऐसा करता है तो एफआईआर दर्ज कराएं। ग्रेप-4 के नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के लिए समाज व प्रशासन को एक साथ मिलकर काम करना होगा। गांव छाजीयावास में पेयजल की समस्या की शिकायत पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने को कहा। गांव पाली में सरपंच ने नाले की सफाई के लिए जेसीबी प्रयोग करने की मंजूरी मांगीं। इस पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कब्जे हटाते समय नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में आज आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली पानी सहित अन्य शिकायतें भी आई। इन सभी पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर हर रोज सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जा रहे हैं। इस समाधान शिवरों में आम नागरिकों को बहुत बड़ी राहत मिली है। इन समाधान शिविर में हर रोज एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। इस व्यवस्था से नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी उचित समस्याओं को इस प्लेटफार्म पर रखें। इस मौके पर एसडीएम महेंद्रगढ़ संजीव कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, पीडब्लूडी विभाग से एडीओ कृष्ण यादव, एसईपीओ प्रवीण कुमार, सिंचाई विभाग से सुनील कुमार, अल्पबचत विभाग से बिजेंद्र कुंडू, कृषि विभाग से गजानंद शर्मा, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप, क्रिड विभाग से अनिता सैनी व अनिल कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## स्कूल बसों का निरीक्षण कर सुरक्षित वाहन पालिसी के निर्देश दिए



**टीम एक्शन इडिया**

**गन्नौर। एसडीएम डा. निर्मल** नागर ने मंगलवार को निजी स्कूल बसों का निरीक्षण किया। उनके साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्पीड गवर्नर, बसों पर पीला पेंट, आनर का नाम, फिटनेस सर्टिफिकेट, ड्राइवर का हेल्थ चेकअप, ड्राइवर का वैध लाइसेंस, आधार नंबर और मोबाइल नंबर आदि की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान स्कूल बसों में सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। एसडीएम ने कहा कि यह सभी मानक बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि उनके वाहन पूर्ण रूप से फिट और सुरक्षित हों ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। एसडीएम ने निजी स्कूल संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। एसडीएम डा. नागर ने आम लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए केवल स्कूल बसों का ही उपयोग करें और किसी भी अवैध वाहन का सहारा न लें।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में श्रुति बनी सर्वश्रेष्ठ वाद-विवादक

**गन्नौर। खेड़ी रोड** स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय में अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय आधुनिक जीवन शैली एनीमिया की ओर बढ़ते कदम रहा। प्रतियोगिता में अमेजन, नील, नालंदा व ओलंपस सदनों में से दो-दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पक्ष और विपक्ष में उत्साह एवं जोश के साथ अपने विचार रखे। जिसमें नील सदन कक्षा सातवीं की श्रुति सर्वश्रेष्ठ वाद-विवादक, नालंदा सदन कक्षा नौंवी के निकेतन सर्वश्रेष्ठ पक्ष वक्ता, आलंपस सदन कक्षा ग्याहरवीं की श्रुति सर्वश्रेष्ठ विपक्ष वक्ता चुनी गई।

# धुराली में प्रकृति परीक्षण का एक विशेष शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बालाः जिला आयुर्वेद** अधिकारी अंबाला डॉ शशिकांत शर्मा के निर्देशन में ग्राम धुराली में प्रकृति परीक्षण का एक विशेष शिविर लगाया जिसमें ग्राम वादियों का मोबाइल अप के द्वारा प्रकृतु परीक्षण किया गया। आयुर्वेद दिवस (29 अक्टूबर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी अभियान देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरूआत की। यह अभियान आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने और भारत में स्वास्थ्य सेवा को समग्र और सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी अपनी आयुर्वेदिक प्रकृति (मन-शरीर संरचना) के बारे में जागरूक करना और उनके दैनिक जीवन में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। आयुर्वेद के अनुसार हर व्यक्ति की प्रकृति अलग होती है। अगर व्यक्ति अपनी प्रकृति के अनुसार जीवनशैली को अपनाए तो सदैव निरोगी रह सकता है। अभियान का मुख्य लक्ष्य भी यही है कि लोग अपनी प्रकृति को जानें और सुखी एवं निरोगी रहें। आयुष मंत्रालय के नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआइएसएम) का यह अभियान न केवल स्वास्थ्य जागरूकता के लिए महत्त्वपूर्ण है, बल्कि भारत को आयुर्वेद की मदद से स्वस्थ और समृद्ध बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल भी है। इसके पहले चरण में 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक एक करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा। यह अभियान आयुर्वेद को हर घर तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा और नागरिकों को उनकी स्वयं की प्रकृति को समझने व व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। आयुष मंत्रालय ने इस अभियान को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए 4.70 लाख से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया है।

## कराटे प्रतियोगिता में भागो रानी ने जीता सिल्वर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**68वीं स्कूली नेशनल** कराटे प्रतियोगिता लुधियाना पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित की गई। कराटे प्रतियोगिता स्कूल शिक्षा निदेशालय पंजाब द्वारा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 लड़के लड़कियों ने भाग लिया। नेशनल कराटे प्रतियोगिता में पूरे भारत से आए करीब 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। नेशनल कराटे प्रतियोगिता में भागो रानी इसराना ने सिल्वर मेडल जीतकर इसराना के साथ जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। उनकी इस जीत पर रिटायर्ड फौजी रामनिवास कौशिक, शमशेर जागलान, परवारी देवी, सीमा व भागो रानी के पिता विक्रम शर्मा ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विक्रम शर्मा ने बताया कि सभी बच्चों ने कड़ी मेहनत करके अपने माता-पिता के साथ देश नाम रोशन करना चाहिए। आपको बता दे की 21 से 23 सितंबर 2024 तक प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता झज्जर के बहादुरगढ़ में आयोजित की गई थी जिसमें भागो रानी ने अंडर 14 वर्ष के 30 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था। खेलों से शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए सभी अभिनवको ने अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रुचि करवानी चाहिए।

# समाधान शिविर की हर समस्या का प्राथमिकता से हो निदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बालाः अतिरिक्त उपायुक्त** डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विशेष रूप से आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु समाधान शिविरों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को बड़े ही गंभीरता से ले और तत्परता से लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना सुनिश्चित करें। बतां दे की उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उप मंडल स्तर पर उपमंडल अधिकारी (ना0) लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करवाते हैं।

इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया । इस दौरान जिला स्तर पर समाधान शिविर में कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। इस मौके पर नगराधीश पूजा कुमारी, डीएसपी रजत गुलिया, एक्सईएन नगर निगम एलसी चौहान, एक्सईएन पब्लिक हैल्थ के साथ-साथ सम्बधिंत विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें। अम्बाला शहर के वार्ड नम्बर 2 के निवासी अमरजीत सिंह को प्रशासन की तरफ से दूरभाष के माध्यम से जब उन्हें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता लगने की सूचना दी गई तो प्रार्थी यह सुनकर बहुत खुश हुआ और साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार एवं जिला प्रशासन का तह दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय वालीबाल अंडर-14 में विजेता टीम की खिलाड़ी को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर। खुबडू स्थित** रतिराम स्पोर्टस वालीबाल एकेडमी की खिलाड़ी राधिका ने 68वीं राष्ट्रीय वालीबाल प्रतियोगिता अंडर-14 में हरियाणा की टीम खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता बनारस हिंदु विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में हुई। पहला मैच पंजाब व हरियाणा को मध्य हुआ। इसमें हरियाणा 25-15 से विजय हुआ। दूसरा मैच तेलंगाना व हरियाणा के मध्य हुआ, जिसमें हरियाणा 25-17 से विजय हुआ। तीसरे मैच में हरियाणा ने हिमाचल 25-20 अंको से पराजित किया। चौथे मैच में हरियाणा व दिल्ली के बीच टक्कर का मुकाबला हुआ। जिसमें हरियाणा ने 25-23 अंतर से जीत हासिल की। फाइनल मैच महाराष्ट्र और हरियाणा के बीच हुआ।

जिसमें 25-21 के अंतर से जीत हासिल कर हरियाणा की टीम ने ट्राफी अपने नाम की। इन सभी प्रतियोगिताओं में राधिका ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

## हरियाणा की तरफ से पहले डेब्यू मैच में अर्श कबीर बने टीम के हीरो

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कर्ण नगरी करनाल** के युवा हर क्षेत्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में क्रिकेट की दुनिया में करनाल के उभरते खिलाड़ी अर्श कबीर ने अपने डेब्यू में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस कड़ी में करनाल के अर्श कबीर ने मैनस यू-23 स्टेट ए ट्रॉफी में 141 बॉलो में 230 रन की शानदार पारी खेलकर दर्शकों के साथ-साथ क्रिकेट चयनकताओं को भी प्रभावित किया। हरियाणा और उत्तराखंड के बीच में खेले गए इस मैच में अर्श कबीर ने 16 चौके और 17 छक्के लगाए।

# शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। शीत लहर** (कोल्ड वेब) से बचाव को लेकर सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने आम नागरिकों से शीत लहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की और कहा कि शीत लहर से बचाव के लिए इन बातों की पालना जरूर करें। इन दिनों जिले में शीत लहर चल रही है। इसी के मद्देनजर उपायुक्त ने कहा कि हम थोड़ी सी सावधानी बरतकर पाले से बच सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि कि शीत लहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नॉक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें।

उन्होंने कहा कि जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। ऐसे गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाये रखने हेतु अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।

**सावधानी बरतें**

**पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।**

# गुड़ मंडी शिफ्ट करने की मांग पूरी होने पर खुश हुए व्यापारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लंबे समय से करनाल** की गुड़ मंडी को शिफ्ट किए जाने की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुड़ मंडी को नई अनाज मंडी में शिफ्ट किए जाने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद व्यापारियों में खुशी की लहर है। सभी व्यापारियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व करनाल के विधायक जगमोहन आनंद का धन्यवाद जताया है। उनका कहना है कि इन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है। बता दें कि सोमवार 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में गुड़ मंडी को पुरानी अनाज मंडी से नई अनाज मंडी (एनजीएम) में शिफ्ट करने की मंजूरी दी है। गुड़ के अलावा इस नई अनाज मंडी में चारा, दालें और मसाले की मार्किट भी शिफ्ट करने की मंजूरी दी गई है। गुड़ मंडी के प्रधान राम लाल ने कहा कि करनाल की गुड़ मंडी शहर की सबसे पुरानी मंडी है। मंडी में जगह कम होने की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती थी। व्यापारियों की लंबे समय से मांग थी कि इस मंडी को शिफ्ट किया जाए। इसके लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने प्रयास किए। उनके प्रयास रंग लिए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मंडी को शिफ्ट करने की मंजूरी दे दी है। सभी व्यापारियों ने हरियाणा सरकार और केंद्रीय मंत्री व विधायक का धन्यवाद किया।

**आभार**

**करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनहित के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे**

**गुड़ बांटकर मनाई खुशी**

मंगलवार सुबह से ही गुड़ मंडी में व्यापारियों का जमावड़ा लगा हुआ था। सभी ने सरकार के इस फैसले पर खुशी जताई। उन्होंने गुड़ बांटकर और एक दूसरे को गुड़ खिलाकर इस खुशी को जाहिर किया।

इस मौके पर व्यापारी गुड़ मंडी नवीन अग्रवाल, जय प्रकाश चावला, सुशील गर्ग, संजीव गोयल, नरेश, विमल, राकेश अग्रवाल ने भी सरकार का धन्यवाद किया।

**प्राथमिकता के आधार पर होंगे जनहित के कार्य : जगमोहन आनंद**

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनहित के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। गुड़ मंडी को शिफ्ट किए जाने की मांग पुरानी थी। केन्द्रीय मंत्री व करनाल के सांसद श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसका मुख्यमंत्री ने तत्काल समाधान किया।

# जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएंः डीसी डॉ विवेक भारती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़ । उपायुक्त डॉ** विवेक भारती ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यह बात डीसी ने आज माधोगढ़ के किले के निरीक्षण के बाद कही। उन्होंने कहा कि जिला में महेंद्रगढ़ का किला, माधोगढ़ किला, जल महल, छत्ता राय बालमुकुंद दास जैसी कई ऐतिहासिक धरोहर हैं। इसके अलावा भी कई ऐतिहासिक धरोहर इस जिले में है। कई नेशनल तथा स्टेट हाईवे से कनेक्टिविटी होने के बाद अब यहां पर पर्यटन की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। ऐतिहासिक स्मारकों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। दिल्ली से राजस्थान की ओर घूमने के लिए जाने वाले पर्यटकों के लिए यह स्थान बीच में एक दिन रुकने का अच्छा स्थान बनेगा। इसके बाद उपायुक्त ने सतनाली खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर निमार्णाधीन भवन के बारे में जानकारी ली तथा निर्देश दिए की भवन निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए ।

## संपादकीय

# आधुनिक जीवन में ध्यान की प्रासंगिकता

**ध्यान** किसी तरह का धार्मिक उपक्रम नहीं है। यह बाहर से हट कर अंदर के अनुभवों को सम्बोधित करने वाला वैचारिक (रिफलेक्टिव) प्रयास है। एकाग्रता तथा अवगत या सचेत होना ही इसका मुख्य आधार है जो वर्तमान में बने रहने और मन की शांति को रेखांकित करता है। दरअसल आँख, कान, नाक, त्वचा आदि हमारे सभी संग्राहक बाहर की दुनिया से लगातार उद्दीपक लाते रहते हैं और उस सारी सामग्री की हमारे मन को व्याख्या करनी पड़ती है। हमारी आँखों से एकत्रित सूचनाओं की बाहर की दुनिया से मिलने वाली सम्पूर्ण सूचनाओं के करीब दो तिहाई भाग की हिस्सेदारी होती है। ये सारी सूचनाएँ हमारे चेतन मन पर असर डालती हैं। तनाव के क्षणों में मन अंदर और बाहर से पैदा होने वाले विचारों से जूझता है। ये विचार ध्यान पाने के लिए आपस में प्रतिद्वांदिता करते हैं और एक-दूसरे से टकराते भी हैं । सूचनाओं की बढ़ती मात्रा से सूचना का अतिभार पैदा होता है। तब अवधान की एकाग्रता घटने लगती है। एक साथ भारी संख्या में आते विचारों की अव्यवस्थित भीड़ का तनाव के अनुभव से बड़ा गहरा रिश्ता है। कहते हैं ध्यान का कार्य एक ब्लैकबोर्ड पर चाक से की गई सारी लिखावट को डस्टर से साफ करने जैसा होता है। ध्यान मानसिक कोलाहल हटा कर संतुलन लाने का काम करता है। सूचना और संचार की शब्दावली में कहें तो ध्यान करने से हमारी चेतना की बैंडविड्थ बढ़ जाती है। ध्यान कई प्रकार का होता है। इसे सिर्फ विचार या कल्पना मान लेना ठीक न होगा। ध्यान के अंतर्गत आदमी सजग और सचेत होकर अपने भीतर की ओर गहन स्तर पर केंद्रित होता है। इसे आंतरिक ध्यानाकर्षण भी कह सकते हैं। ध्यान को मुख्यतः दो भागों में रखा जाता है। एकाग्र ध्यान तथा सचेत ध्यान इसके दो मुख्य प्रकार पहचाने गए हैं। एकाग्र ध्यान करने में किसी एक विचार पर अवधान (अटेंशन) को केंद्रित किया जाता है। इसके अंतर्गत किसी मंत्र, शब्द या ध्वनि पर अवधान केंद्रित करना सम्मिलित है। एकाग्र होने से मन भटकता नहीं है। ध्यान के फलस्वरूप होने वाले मुख्य अनुभवों में आंतरिक एकाग्रता, प्रशांति और सहज भाव मुख्य होते हैं। ध्यान में वर्तमान का सम्पूर्ण अनुभव होता है। भावातीत ध्यान भी इसी तरह का है जो पश्चिम में बड़ा लोकप्रिय हुआ। सचेत ध्यान (माइंडफुलनेस मेडिटेशन) में सभी आ रहे विचारों को स्वीकार किया जाता है और उनको नियंत्रित करने की कोई कोशिश नहीं की जाती है। बिना किसी निर्णय या भावनात्मक लगाव के उनको अनुभव किया जाता है। जेन ध्यान, विपश्यना, प्रेक्षा ध्यान, सहज ध्यान आदि कई प्रकार के ध्यान की परम्पराओं का विकास हुआ है। वस्तुतः ध्यान से हमारी चेतना की दशा में बदलाव आता है। विस्तार में कहें तो देश और काल के अनुभव, वर्तमान की उन्मुखता, ग्रहणशीलता में वृद्धि और स्वयं को अतिक्रांत करने की वृत्ति जैसे बदलाव प्रमुखता से पाए गए हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि ध्यान लगाने से जैविक शारीरिक स्तर पर अनेक परिवर्तन आते हैं। इनमें आक्सीजन की खपत में कमी, हृदय गति का धीमा होना तथा रक्तचाप कम प्रमुख हैं। ध्यान करने से मस्तिष्क में अल्फा तरंगें अधिक होती हैं।

# स्वास्थ्य जोखिम कम करेगी प्राकृतिक खेती

-डॉ सत्यवान सौरभ

"शहरी स्थानीय निकाय केवल 30-40% कचरे का प्रसंस्करण करते हैं, वे अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं को क्रियाशील रखने के लिए परिचालन सब्सिडी पर निर्भर रहते हैं। जैविक खाद की आवश्यकता 2-3 टन प्रति एकड़ है, जो 100-150 किलोग्राम रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता से कहीं अधिक है। परिवहन लागत जैविक खाद को इसकी कम कीमत (?2, 000-3, 000 प्रति टन) के बावजूद किसानों के लिए कम सुलभ बनाती है। यह मॉडल अलग किए गए शहरी गीले कचरे को खेत की भूमि से जोड़ता है, जिससे खेतों में सीधे खाद बनाना संभव हो जाता है। यह टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देते हुए अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों का समाधान करता है। शहरी स्थानीय निकाय अलग किए गए शहरी गीले कचरे को अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों या लैंडफिल के बजाय सीधे खेतों में पहुँचाते हैं"

**किसानों** की खाद की मांग को पूरा करने के लिए शहरी गीले कचरे से खाद बनाने को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में शामिल करें। विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधनः स्थानीय खाद बनाने के समाधानों के लिए शहर-किसान भागीदारी को बढ़ावा दें। खाद बनाने की तकनीक और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करें। जन जागरूकता और बुनियादी ढांचे में निवेश के माध्यम से स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण प्रथाओं को बढ़ाएँ। खेतों पर खाद बनाने के बुनियादी ढांचे के लिए सब्सिडी प्रदान करें। खेतों में सीधे अपशिष्ट वितरण को प्रोत्साहित करके यूएलबी के लिए परिचालन लागत कम करें। 25 नवंबर, 2024 को भारत सरकार ने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और एक करोड़ किसानों के बीच जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरूआत की। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का उद्देश्य जैविक खेती की ओर बढ़ रहे किसानों को प्रशिक्षित करना और उनका समर्थन करना है, जिसमें गाय के गोबर से बनी खाद और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य गैर-रासायनिक उर्वरकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हालांकि, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ इसका एकीकरण कृषि और अपशिष्ट प्रबंधन दोनों में चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक अभिनव समाधान प्रदान करता है। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों ने पारंपरिक खेती करने वालों के समान ही पैदावार की सूचना दी। कई मामलों में, प्रति फसल अधिक पैदावार की भी सूचना मिली। चूंकि प्राकृतिक खेती में किसी भी सिंथेटिक रसायन का उपयोग नहीं किया जाता है, इसलिए स्वास्थ्य जोखिम और खतरे समाप्त हो जाते हैं। भोजन में पोषण घनत्व अधिक होता है और इसलिए यह बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।



प्राकृतिक खेती बेहतर मृदा जीव विज्ञान, बेहतर कृषि जैव विविधता और बहुत कम कार्बन और नाइट्रोजन पदचिह्नों के साथ पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य लागत में कमी, कम जोखिम, समान पैदावार, अंतर-फसल से आय के कारण किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि करके खेती को व्यवहार्य और आकांक्षापूर्ण बनाना है। विभिन्न फसलों के साथ काम करके जो एक-दूसरे की मदद करते हैं और वाष्पीकरण के माध्यम से अनावश्यक पानी के नुकसान को रोकने के लिए मिट्टी को कवर करते हैं, प्राकृतिक खेती 'प्रति बूंद फसल' की मात्रा को अनुकूलित करती है।

भारत में सालाना 5.8 करोड़ टन ठोस कचरा पैदा होता है, जिसमें 1 करोड़ टन जैविक खाद बनाने की क्षमता है। इसके बावजूद, अलग-अलग कचरे से शहरी खाद को अभी तक एकीकृत नहीं किया गया है, जो सालाना 15-20 लाख किसानों की खाद की जरूरतों को पूरा कर सकता है। अप्रसंस्कृत नगरपालिका अपशिष्ट अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों के पास लैंडफिल में समाप्त हो जाता है, जिससे पर्यावरण क्षरण और मीथेन उत्सर्जन होता है।

शहरी स्थानीय निकाय केवल 30-40% कचरे का प्रसंस्करण करते हैं, वे अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं को क्रियाशील रखने के लिए परिचालन सब्सिडी पर निर्भर रहते हैं। जैविक खाद की आवश्यकता 2-3 टन प्रति एकड़ है, जो 100-150 किलोग्राम रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता से कहीं अधिक है। परिवहन लागत जैविक खाद को इसकी कम कीमत (?2, 000-3, 000 प्रति टन) के बावजूद किसानों के लिए कम सुलभ बनाती है। यह मॉडल अलग किए गए शहरी गीले कचरे को खेत की भूमि से जोड़ता है, जिससे खेतों पर सीधे खाद बनाना संभव हो जाता है।

यह टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देते हुए अपशिष्ट प्रबंधन में चुनौतियों का समाधान करता है। शहरी स्थानीय निकाय अलग किए गए गीले कचरे को अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों या लैंडफिल के बजाय सीधे खेतों में पहुँचाते हैं। किसान पारंपरिक गड्ढा खाद बनाने के तरीकों का उपयोग करते हैं, गीले कचरे को गोबर के घोल और जैव-संस्कृतियों के साथ मिलाकर 2-3 महीनों के भीतर जैविक खाद का उत्पादन करते हैं। 1 लाख की आबादी वाला एक शहर प्रतिदिन 10-15 टन गीला कचरा उत्पन्न करता है, जो एक किसान के फसल चक्र के लिए प्रतिदिन 3 टन खाद बनाने के लिए पर्याप्त है। अपने खेतों पर निःशुल्क जैविक खाद तक पहुँच, परिवहन और इनपुट लागत में कमी। मिट्टी की सेहत में सुधार और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी। परिचालन सब्सिडी (टिपिंग शुल्क) पर बचत। अपशिष्ट प्रसंस्करण दक्षता में वृद्धि और मीथेन उत्सर्जन में कमी। लैंडफिल अपशिष्ट और सम्बंधित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के साथ इसके बहुत से फायदे हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए शहर-किसान भागीदारी (एसडब्ल्यूएम) ने 200 से अधिक किसानों को 2, 300 टन अलग-अलग गीले कचरे की आपूर्ति की, जिससे 600 टन जैविक खाद का उत्पादन हुआ। रासायनिक उर्वरक के उपयोग में 50-60 टन की कमी। खाद बनाने से पहले और बाद में कठोर परीक्षण के माध्यम से मिट्टी की सेहत में सुधार हुआ जर्मनी में वैश्विक स्तर पर सबसे उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों में से एक है, जो एक परिपत्र अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करती है। जैविक कचरे को स्रोत पर अलग किया जाता है और उच्च गुणवत्ता वाले खाद और बायोगैस में परिवर्तित किया जाता है। जापान ने ताकाकुरा खाद बनाने की विधि विकसित की है, जो घरेलू कचरे का उपयोग करके एक विकेन्द्रीकृत खाद बनाने की तकनीक है। यह विधि शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में व्यापक रूप से अपनाई जाती है। स्वीडन ने जैव-चक्र खेती का मॉडल अपनाया है, जहाँ शहरी जैविक कचरे का उपयोग जैव-उर्वरक और बायोगैस बनाने के लिए किया जाता है। सिंगापुर ने जैविक कचरे को टिकाऊ तरीके से प्रबंधित करने के लिए शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्तर पर खाद बनाने के केंद्र स्थापित किए हैं।

किसानों की खाद की मांग को पूरा करने के लिए शहरी गीले कचरे से खाद बनाने को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में शामिल करें। विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधनः स्थानीय खाद बनाने के समाधानों के लिए शहर-किसान भागीदारी को बढ़ावा दें। खाद बनाने की तकनीक और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करें। जन जागरूकता और बुनियादी ढांचे में निवेश के माध्यम से स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्करण प्रथाओं को बढ़ाएँ। खेतों पर खाद बनाने के बुनियादी ढांचे के लिए सब्सिडी प्रदान करें। खेतों में सीधे अपशिष्ट वितरण को प्रोत्साहित करके यूएलबी के लिए परिचालन लागत कम करें।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) और शहर-किसान भागीदारी मॉडल भारत की कृषि और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक करोड़ किसानों को समर्थन देने के एनएमएनएफ के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकारी एजेंसियों, यूएलबी और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता है, जिससे कृषि, शहरी शासन और पर्यावरण के लिए जीत-जीत का परिणाम सुनिश्चित हो सके।

## कविता

कलेजे का टुकड़ा होती हैं बेटियां।

कलेजे का टुकड़ा होती हैं बेटियां
घर का अहम हिस्सा होती हैं बेटियां,
वेदों की ऋचाएं होती हैं बेटियां,
आकाश की जगमगाती चांदनी होती हैं बेटियां।

कैसी सुखद घड़ी थी ,
जब तू हमारी जिंदगी में आई थी,
न जाने कितने चंदा जगमगयाए थे,
चांदनीयों की रोशनी लहराई थी।

घर के कोने कोने में छुपना छुपाना उसका,
नन्हे मुख से खिलखिलाना उसका,
अचानक गुस्से से रूठ जाना उसका,
फिर प्यार से गले लग जा ना उसका।

बेटियां तो घर की दीपक और बाती होती हैं
हमारा घर भी तो बेटियां ही जगमगाती है,
मेरी आत्मा तभी चैन पाती है
बेटी जब भी गले लग जाती है।

उंगली पकड़कर चलना सीखा था उसने,
आज मैं लड़खड़ाइ तो हाथ थामा था उसने,
मेरे आंसुओं को अपनी आंखों में छुपाया था उसने,
आज देखो मेरी मां बनकर दुनिया दिखाया था उसने।

संजीव
---------

# सर्दी के मौसम में उच्च रक्तचाप

**डॉक्टर एम डी सिंह**

**कड़ाके** की ठंड पड़ने लगी है। बदलते मौसम में दिनचर्या में बदलाव लाने की जरूरत होती है अन्यथा शरीर को बीमारियाँ घेर लेती हैं आमतौर पर सर्दी के मौसम में बीमारियां कम हो जाती हैं। खासतौर से बैक्टीरिया और पैरासाइट्स के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियां इस मौसम में कुछ कम हो जाती हैं। क्योंकि मच्छर , मक्खी, पिस्सू इत्यादि इन रोगों के वाहक इस मौसम में कम हो जाते हैं । सर्दी के वजह से मनुष्य भी जल का प्रयोग कम करता है, जिससे अनावश्यक जलजमाव रुक जाता है। परिणाम स्वरूप जल जनित बीमारियां कम हो जाती हैं।

किंतु सर्दी के मौसम में अन्य बीमारियों की भरपाई रक्त संचार संबंधी शारीरिक गड़बड़ियां कर देती हैं।इनमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है।

**सर्दी के मौसम में उच्च रक्तचाप के कारण-**

1- ठंड के कारण धमनियों का संकुचित हो जाना। जिसके कारण रक्त के प्रवाह को सामान्य बनाए रखने के लिए मस्तिष्क और हार्ट को अधिक कार्य करना पड़ता है।

2- रक्त में गाढ़ापन और कभी-कभी थक्के बनना। इससे भी शिराओं और धमनियों में रक्त संचार धीमा और बलपूर्वक होने लगता हैं जो ब्रेन, हार्ट, किडनी एवं फेफड़े चारों के लिए घातक है।

3- धमनियों में अवरोध के कारण मस्तिष्क में रक्त संचार की कमी। जिसके कारण मस्तिष्क सुस्त होने लगता है। जिसकी पूर्ति ब्रेन हार्ट रेट और रक्त संचार को बढ़ाकर करता है।

4- पसीने की कमी। पसीने से नमक काफी अधिक मात्रा में शरीर से बाहर जाता है। किंतु जाड़े के मौसम में पसीना नहीं निकलता जिसके कारण भी नमक का कंसंट्रेशन रक्त में बढ़ जाता है जो उच्च रक्तचाप का एक प्रमुख कारण है।

5- सर्दी के मौसम में दिन छोटे होने के कारण काम के घंटे कम हो जाते हैं जो व्यवसाय के लिए नुकसानदेह हैं। इसके कारण व्यक्ति में सोचने की प्रक्रिया बढ़ जाती है जो अवसाद का कारण बनती है, और मस्तिष्क की यही अति सक्रियता उच्च रक्तचाप का कारण।

6- व्यायाम की कमी। जाड़े के मौसम में ठंड और आलस्य के कारण मनुष्य लिहाफ से बाहर नहीं निकलना चाहता। वार्मअप, व्यायाम और योगासन जैसी सही और रक्त संचार को सक्रिय रखने वाली प्रक्रियाएं घट जाती हैं, जो रक्त के जमाव को प्रोत्साहित करती हैं ।फल स्वरूप उच्च रक्तचाप प्रभावी हो जाता है।

7- फास्ट फूड और तैलीय भोजन का प्रयोग बढ़ना। इससे लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। रक्त वाहिकाओं में कोलेस्ट्रोल का डिपाजिशन होने लगता है जो सहज रक्तचाप को बढ़ावा देता है।

8- मुख्य शरीरसंचालक अंगों को रक्त की कमी हो जाना। शरीर के हर अंग को सही ढंग से कार्य करने के लिए एक निश्चित मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है।

## विचार

# संभल के कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर का सच

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**संभल** के कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर से लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पहले जहां मंदिर में शिवलिंग और हनुमान जी की मूर्ति मिली थी, वहीं अब मंदिर के परिसर में मौजूद कुएं की खुदाई के दौरान मां पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय जी की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में इस मंदिर का पता चलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातोरात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती है।

46 साल से बंद पड़े संभल के इस मंदिर में रविवार से पूजा-पाठ प्रारंभ कर दी गयी है। हिंदू संगठन के लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर में विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न होने के बाद आरती की गई।

*कैसे मिली मंदिर की जानकारी?*

इलाके में बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान मंदिर होने की जानकारी सामने आई थी।

संभल में मस्जिदों और घरों में छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के खुलासे हुए । इसी दौरान यहां पुलिस तब हैरान रह गई जब इस इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 से बंद बताया जा रहा है। 46 सालों से बंद पड़ा ये मंदिर सपा सांसद जियाउररहमान बर्क के घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला है। मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा, शिवलिंग और नंदी स्थापित हैं। फिलहाल यहां डीएम और एसपी ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। संभल के सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि ये मंदिर कई सालों से है। 1978 में जब दंगा हुआ था तब भी मंदिर यहीं था। यहां सभी को पता है कि दंगे के बाद यहां से हिंदू पलायन कर गए थे। मंदिर की जानकारी सामने आने के बाद खुदाई में यहां एक कुआं भी मिला है। इस कुएं को ढका गया था।

मकान बनाकर मंदिर पर कब्जे की बात भी सामने आई है। एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने बताया, चेकिंग के दौरान पता चला कि कुछ लोगों ने मकान बनाकर मंदिर पर कब्जा कर लिया है। अब मंदिर की साफ-सफाई करा दी गई है और जिन लोगों ने मंदिर पर कब्जा किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मंदिर में भगवान शिव और हनुमान जी की मूर्तियां हैं। पहले इस क्षेत्र में कई हिंदू परिवार रहते थे बाद में उन्होंने यह क्षेत्र छोड़ दिया था।

***मंदिर के पास है प्राचीन कुआं***

डीएम संभल राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि मुस्लिम आबादी के बीचों-बीच बंद पड़े मिले मंदिर के पास एक प्राचीन कुएं के बारे में भी जानकारी मिली। अब इस कुएं की खुदाई की जा रही है। मंदिर के आसपास के इलाके में किया गया अतिक्रमण भी ध्वस्त किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान कुएं की सफाई का काम शुरू किया गया था। इस दौरान मिट्टी हटाने पर ये तीनों मूर्तियां मिलीं। इनमें से एक मूर्ति संगमरमर की है और कार्तिकेय जी की मानी जा रही है। हालांकि, अन्य दो मूर्तियां थोड़ी खंडित अवस्था में मिली हैं।मिली हुई मूर्तियों की प्राचीनता का पता लगाने के लिए पुरातत्व विभाग को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही इन मूर्तियों की कार्बन डेटिंग कराई जाएगी ताकि इनकी सही उम्र का पता चल सके। डिप्टी एसपी अनुज चौधरी ने बताया कि मंदिर से मिली सभी मूर्तियों को सुरक्षित रख लिया गया है। कुएं की खुदाई का काम फिलहाल रोक दिया गया है और कुएं को ढक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए एक नया अध्याय खुल गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद से इस मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद इसे 15 दिसंबर को फिर से खोला गया था।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राजनीतिक रोटी और समाजवादी मसाला

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**राजधानी के** केंद्रीय कार्यालय में आज फिर से एक ऐतिहासिक घटना घटने जा रही थी। मुख्यमंत्री जी, जो पिछले कुछ दिनों से अपने कार्यों की सतत सफलता का प्रचार करते नहीं थक रहे थे, आज पूरी तन्मयता से संगठन और प्रशासन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन यह संतुलन कुछ ऐसा था जैसे कोई संतुलन न हो, बस एक ऐतिहासिक त्रासदी हो। मुख्यमंत्री साहब का पंच वाक्य था, "हमने प्रशासन को चुस्त किया है, अब संगठन को गड्ढे में डालने का वक्त आ गया है।" सुनने वाले अफसरों को लगा, शायद वे कोई कुशल क्यूरेटर हैं, जो किताबों के बीच धूल झाड़ने के बजाय किसी विशाल जंग का आयोजन कर रहे हों। प्रशासन को चुस्त और सक्षम बनाने की उनकी भावना इतनी सशक्त थी कि वह खुद मानने लगे कि प्रशासन ही इस राज्य का एकमात्र सर्वेसर्वा है। बाकी सब तो पंक्तियाँ हैं, जो कभी भटक जाती हैं, कभी खुद रास्ते खोज लेती हैं।

संगठन वाले बहुत खुश थे, क्योंकि अब उनका समय आ गया था। उन्होंने यह सोचकर समाजवाद के झंडे तान दिए थे कि जब तक समाजवाद की हवा बहती रहेगी, तब तक उनके स्वार्थ पर कोई आँच नहीं आएगी। समाजवाद तो जैसे ह्यकलाह्ल हो, जो कभी खत्म नहीं होती। नेता, कार्यकर्ता, अफसर–सभी एक-एक रंग के पंख लगाए हुए थे, ताकि उन्हें समाजवाद के मखमली आसमान में उड़ने का मौका मिल सके।

मुख्यमंत्री के कानों में बस एक ही मंत्र गूंजता था–"संगठन सबसे ऊपर है, प्रशासन पीछे रखना है।" यह रणनीति शायद किसी पुराने राजा की युद्ध नीति से निकाली गई थी, लेकिन इस बार गुस्सा और सत्ता का घमंड कुछ ज्यादा ही गहरा हो गया था। अफसरों को अपनी कुर्सी हिलती हुई महसूस हुई, जैसे वे उस सीट पर नहीं, बल्कि किसी ट्रक के पीछे बैठे हों। मुख्यमंत्री जी जो कहते, वे तुरंत सच्चाई बन जाते थे। "कभी भी हम निर्णय ले सकते हैं," मुख्यमंत्री की आवाज में वह रौब था जो खुद उनके प्रशासन के भीतर से ही निकलता था, और उसी का शिकार संगठन भी था। अब प्रशासन के लोगों ने यह महसूस किया कि वे हमेशा प्रशासन के चुस्त होने का राग अलापने वाले थे, लेकिन खुद कभी चुस्त नहीं थे।

# कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

आईआईटी मद्रास के पास एक डिजिटल मानव मस्तिष्क एटलस तैयार है

विजय गर्ग

दुनिया का सबसे विस्तृत डिजिटल मानव मस्तिष्क एटलस बनाकर, आईआईटी मद्रास के शोधकर्ता एक ऐसी यात्रा पर निकल रहे हैं जो चिकित्सा और एआई दोनों के प्रति हमारे दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल सकती है। मानव मस्तिष्क की जटिलता ने हमेशा विज्ञान में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को प्रस्तुत किया है। अल्जाइमर, पार्किंसंस और मिर्गी जैसे तंत्रिका संबंधी विकार दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं, फिर भी हम अभी भी उनके अंतर्निहित कारणों के बारे में अपेक्षाकृत कम जानते हैं। मौजूदा उपचार अक्सर महंगे होते हैं, उन तक पहुंचना कठिन होता है और वे केवल मामूली रूप से प्रभावी होते हैं। इससे लाखों मरीजों और परिवारों को भारी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही देखभाल के बोझ से स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियाँ भी तनावग्रस्त हो गई हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में तेजी से प्रगति उद्योगों को बदल रही है और नए अवसर पैदा कर रही है, फिर भी मानव मस्तिष्क की दक्षता, अनुकूलनशीलता और सीखने की क्षमता की तुलना में एआई अभी भी फीका है। बड़े पैमाने पर डेटासेट को संसाधित करने और अलौकिक गति से विशिष्ट कार्य करने की क्षमता के बावजूद, एआई सिस्टम ऊर्जा-गहन बने हुए हैं और उनमें लचीलेपन की कमी है जो स्वाभाविक रूप से मानव संज्ञान में आती है। यदि हम बेहतर ढंग से समझ सकें कि मस्तिष्क कैसे काम करता है - इसकी अनुकूलनशीलता, दक्षता और जानकारी संसाधित करने की क्षमता - तो हम न केवल न्यूरोलॉजिकल रोगों के उपचार में बल्कि एआई के भविष्य में भी क्रांति ला सकते हैं। यहीं पर आईआईटी मद्रास में किया जा रहा काम सामने आता है। दुनिया का सबसे विस्तृत डिजिटल मानव मस्तिष्क एटलस बनाकर, आईआईटी मद्रास के शोधकर्ता एक ऐसी यात्रा पर निकल रहे हैं जो चिकित्सा और एआई दोनों के प्रति हमारे दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल सकती है। यह डिजिटल मस्तिष्क एटलस मानव

## न्यूज फ्लैश

### 69 साल के पति ने 73 साल की पत्नी से लिया तलाक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में रहने वाले एक** बुजुर्ग दंपति ने शादी के 43 साल बाद तलाक ले लिया। व्यक्ति की उम्र 69 साल व महिला की उम्र 73 साल है। दोनों ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के मध्यस्थता और सुलह केंद्र की मदद ली। पति ने पत्नी को 3.07 करोड़ का स्थायी गुजारा भत्ता देने का समझौता किया। इसके लिए व्यक्ति ने अपनी जमीन और फसल तक बेच दी। दोनों की शादी 27 अगस्त 1980 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। शादी के बाद उन्हें 3 बच्चे हुए। इनमें 2 बेटियां और एक बेटा शामिल है। हालांकि समय के साथ दोनों के रिश्तों में खटास आ गई। 8 मई 2006 से दोनों अलग रहने लग गए थे। हाईकोर्ट ने 4 नवंबर 2024 को इस मामले को सुलह और समझौते के लिए मध्यस्थता केंद्र में भेजा। मध्यस्थता के दौरान पति, पत्नी और उनके तीनों बच्चों ने 3.07 करोड़ के भुगतान पर शादी समाप्त करने पर सहमति जताई। पति ने अपनी कृषि योग्य जमीन बेचकर 2.16 करोड़ का डिमांड ड्राफ्ट पत्नी को दे दिया। इसके अलावा गन्ने व अन्य फसलें बेचकर जे-फार्म के तहत 50 लाख रुपए कैश का भुगतान किया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 3.07 करोड़ की राशि स्थायी गुजारा भत्ता मानी जाएगी। इन पैसों के अलावा पत्नी और बच्चे, पति या उसकी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं जताएंगे। अगर पति की मौत भी हो जाती है तो वह उसकी संपत्ति पर दावा नहीं कर सकते। जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की बैंच ने समझौते को स्वीकार करते हुए शादी खत्म करने का आदेश जारी किया।

### असंध अयोग्य चेयरमैन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में असंध** नगरपालिका के अयोग्य घोषित चेयरमैन सतीश कटारिया ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर 16 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार, स्टेट इलैक्शन कमीशन, डिप्टी कमिश्नर करनाल, नगरपालिका असंधए नायब तहसीलदार कम सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से जवाब मांगने नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए 6 सप्ताह का समय दिया गया है। सतीश कटारिया ने कहा कि उनकी मार्कशीट फर्जी नहीं है, इलैक्शन कमीशन उनके शिक्षा बोर्ड को मान्यता प्राप्त नहीं मान रहा है। सतीश कटारिया ने कहा कि मुझे इलैक्शन कमीशन ने अयोग्य घोषित किया है, जबकि इलैक्शन कमीशन के पास अयोग्य घोषित करने की पावर नहीं है। हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका डालकर समय मांगा गया था कि जब तक सुप्रीम कोर्ट में याचिका स्वीकार नहीं हो जाती तब तक समय दिया जाए, लेकिन समय नहीं मिला। इसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। वहीं शिकायतकर्ता एडवोकेट सोनिया बोहत ने कहा कि सतीश कटारिया ने न केवल असंध नगरपालिका, बल्कि जनता के साथ भी बड़ा धोखा किया। स्टेट इलैक्शन कमीशन की जांच को भी हाईकोर्ट में गलत ठहराने का प्रयास किया है।

### अशोक काम्बोज बने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के जाने** माने पर्यावरणविद तथा प्रगतिशील किसान अशोक कंबोज को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा का अध्यक्ष बनाया गया है। वह नलीखुर्द गांव के रहने वाले हैं। उनकी नियुक्ति पर उनके समर्थकों एवं परिचितों द्वारा घर जाकर पूर्व मालाओं से किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल एंड एनवायरनमेंट प्रोटक्शन कमीशन के अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी ने कहा कि हरियाणा में प्रदूषण नियंत्रण फोर्स एवं पर्यावरण संरक्षण फोर्स जो कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग के द्वारा संचालित है, के गठन की जिम्मेदारी भी दी गई। उसे जिम्मेदारी मिलने पर या उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

# व्यक्ति के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान : प्रो. राकेश सिन्हा

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति से राष्ट्रीय भावना को मिला सम्मानः प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः राज्यसभा के पूर्व** सांसद प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि व्यक्ति के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा देना पाठ्यक्रम पढ़ाना नहीं अपितु व्यक्ति निर्माण करना है। यही भारतीय ज्ञान परम्परा का आधार भी रहा है। हमारी परम्परा में न ज्ञान ठहरता है न संस्कृति बल्कि ज्ञान परम्परा का निरंतर चलती रहती है। विद्या भारती शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के व्यवहार और आचरण को देखकर सकारात्मक संचरण हो रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती अद्वितीय कार्य कर रहा है जिससे विद्या भारती की महत्ता और आवश्यकता बढ़ती जा रही है। वे मंगलवार को




डिपार्टमेंट ऑफ होलिस्टिक एजुकेशन, चंडीगढ़ तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कुवि के डॉ. आरके सदन में ह्यवैश्विक विकास के लिए भारतीय शिक्षा प्रणालीह्न विषय पर आयोजित दो दिवसीय शिक्षा महाकुंभ के समारोप सत्र में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। प्रो. राकेश सिन्हा ने कहा कि जिस जानकारी से हमारी सोच, चिंतन व हमारी समझ परिपक्वता पाती है और जिस जानकारी से समाज की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक वातावरण में प्रभाव पड़ने लगता है उसको ज्ञान कहते हैं।

ज्ञान के धारक की पात्रता सामान्य लोगों से अलग होती है क्योंकि उसमें निडरता का भाव होता है वह भय मुक्त होता है। वह पढ़ते, सोचते व अभिव्यक्त करते समय सिर्फ आने वाली पीढ़ियों को देखता है वर्तमान को नहीं देखता। उसके शब्दों में पीढ़ियों के लिए उन्नति के मार्ग का बीज होता है। ज्ञान मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा सर्वंत सुखाय की बात करता है। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा दो दिवसीय शिक्षा महाकुंभ की विस्तृत स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से राष्ट्रीय भावना को मिला सम्मान है तथा यह विद्यार्थियों में देशभक्ति व राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देने का काम करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 द्वारा दी जा रही शिक्षा छात्रों का बौद्धिक, नैतिक व आध्यात्मिक विकास को पोषित करती है।

## बाल विवाह व बाल मजदूरी दोनों ही एक गंभीर समस्याः संजय कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

**एम डी डी आफ इंडिया** तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारायणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप, शकुंतला पब्लिक स्कूल में बाल यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह मुक्त एवं बाल मजदूरी मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रिंसिपल कैलाश कुमार ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों की शिक्षा वहीं की वहीं रुक जाती है जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक विकास नहीं हो पाता। ऐसे में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अभियान को चलाकर हम लड़कियों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। तहसील कैंप से इंचार्ज रमेश शर्मा ने कहा कि बाल विवाह कानून एवं बाल मजदूरी कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत कराकर भी बाल विवाह पर रोक लग सकती है। जिला समन्वयक एम डी डी आफ इंडिया से संजय कुमार ने कहा कि बाल विवाह, यौन दुर्व्यवहार एवं बाल मजदूरी तीनों ही एक गंभीर समस्या है।

## 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग हरियाणा के आदेशो की अनुपालना के तहत नगर पालिका तरावड़ी, नीलोखेड़ी, इंद्री व असंध की मतदाता सूची का संशोधित कार्य 16 दिसंबर को पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से संबंधित दावे व आपत्ति 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आमंत्रित किए गए है। इसके उपरांत 27 दिसंबर को प्राप्त दावे व आपत्तियों का निपटारा संबंधित पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने लगाई पदकों की झड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : 33वीं हरियाणा** स्टेट मार्स्टस एथैलटिक्स चैम्पियनशीप का आयोजन 14 व 15 दिसंबर को स्पोर्टस काम्पलैक्स सेक्टर 7 चंडीगढ में किया गया। इस चैम्पियनशीप में कुरुक्षेत्र के 5 से ज्यादा खिलाडि?ों ने अलग-अलग स्पधाओं में भाग लिया और कुरुक्षेत्र जिले के लिए पदकों की झड़ी लगा दी। ओलम्पियन अर्जुन अवार्डी मनोज कुमार ने मंगलवार को साई सेंटर कुरुक्षेत्र में आयोजित सम्मान समारोह में खिलाड़ी कृष्ण चौधरी, सुनील कुमार कारसा, प्रवेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार व पुनरवसु को मेडल जीतने पर सम्मानित किया।



खिलाड़ी वीरभान ने बातचीत करते हुए बताया कि खिलाड़ी कृष्ण चौधरी ने 200 मीटर, 400 मीटर, 100 मीटर में मेडल हासिल किए है। इसके अलावा 35 वर्ष आयु वर्ग में सुनील कुमार कारसा ने 5 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान आने पर गोल्ड, 110 मीटर हर्डल में प्रथम आने पर गोल्ड तथा हाई जम्प में द्वितीय स्थान आने पर सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रवेश कुमार ने 5 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान आने पर सिल्वर मेडल व 1500 मीटर में तृतीय स्थान आने पर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार 40 वर्ष आयु वर्ग में सुरेन्द्र कुमार ने 5 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान आने पर सिल्वर, 1500 मीटर में द्वितीय आने पर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी कड़ी में 50 वर्ष आयु वर्ग में 5 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान आने पर सिल्वर मेडल,1500 मीटर में तृतीय स्थान आने पर ब्रॉन्ज व शॉट पुट थ्रो में तृतीय स्थान आने पर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस मौके पर साई प्रभारी बाबू राम रावल, गुरविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, साई कोच नरेन्द्र ठाकुर, सुदेश शर्मा, राहुल सांगवान, साहिल, कोमल शर्मा, साईकिलिंग कोच पंजाब सिंह, सुरेंद्र कौर, सोहन लाल, चांद राम, जितेन्द्र सिंह, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, समाजसेवी नरेश कुमार सहित अन्य प्रशिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**सीआईए थ्री पुलिस** टीम ने बलजीत नगर नाका के पास एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ सोनू निवासी ईस्सोपुर टिल्ला कैराना शामली यूपी हाल किरायेदार खलीला समालखा के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की सनौली रोड पर बलजीत नगर नाका के पास एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सुनील उर्फ सोनू निवासी ईस्सोपुर टिल्ला कैराना शामली यूपी हाल किरायेदार खलीला समालखा के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 9 दिसम्बर को पानीपत सिविल अस्पताल परिसर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में आशीष पुत्र सुरेश निवासी हरिसिंह चौक की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको बाइक चलाने का शौक है।

# चोट मारकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे, 09 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने राहगीरों से रात के समय मारपीट कर हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना सहित 9 आरोपियों को सोमवार देर शाम चौटाला रोड से काबू किया। आरोपी एक स्विफ्ट कार में चौटाला रोड पर सोमवार देर रात पर लूट की अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से लूट की 5 वारदातों का



खुलासा हुआ। आरोपियों ने पिछले 15 दिनों में एकाएक कर लूट की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार देर शाम को सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार की एक टीम गश्त के दौरान जीटी रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि चौटाला रोड स्थित सेक्टर 29 कट पर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार में संदिग्ध किस्म के काफी सारे युवक बैठे है। जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर कार सवार 9 युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान जाकिर पुत्र निजामुद्दीन
, सुमित पुत्र मोहन व शुभम निवासी करसिंधु, रवि पुत्र रामनिवास, विकास पुत्र सत्यवान, अंकित पुत्र मेसर, सन्नी पुत्र राजेंद्र निवासी खेड़ी खामवती, साहिल पुत्र जमील व हिमांशु पुत्र मोनू निवासी सफीदो जीन्द के रूप में बताई। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त कार में सवार होकर 13 दिसम्बर की देर रात नौल्था से भाऊपुर रोड पर ब्राहमण माजरा नहर पुल पर बाइक सवार दो युवक से मारपीट कर चाकू के बल पर 1 बाइक, 3400 रूपए व 2 मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

# जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज 9 बजे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र : जिला लोक** सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 18 दिसंबर को सुबह 9 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। इस बैठक में 14 समस्याओं को रखा जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने आज यहां जारी आदेशों में कहा है कि सभी अधिकारी जिला लोक सम्पर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में



निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। इस बैठक में गांव झिवरेडी निवासी मंगत राम, गांव बीड कालवा निवासी लाल चंद, गांव धुराली निवासी नरेन्द्र कुमार, पिहोवा बीजेपी पार्टी के अध्यक्ष सतीश कुमार, नई शिकायतों में कमल सूढ, गांव बारना से बतेरी देवी, गांव रामपुरा सेक्टर 3 से प्रेमचंद, गांव ढेरू माजरा से अशोक सैनी, गांव अंटहेडी से कर्ण सिंह, गांव लौहार माजरा से सुरजीत, लालू कालोनी निवासी, शिव चरण इंद्री चौक लाडवा, गांव उमरी से अमरीक सिंह, गांव हसनपुर से रघबीर सिंह की समस्याओं को रखा जाएगा। इन सभी समस्याओं पर मौके पर सुनवाई कर समाधान किया

# अधिकारी यस या नो के फार्मूले पर हो गंभीरः उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन ) जनता समाधान शिविर** हरियाणा सरकार के सफल आयोजनों में शुमार हो चुका है। कड़ाके की ठंड को तिलाजंलि देकर हर वर्ग के जरूरतमंद महिला व पुरूष रोजाना समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के निस्तारण को लेकर दस्तक देते है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि शिविर में पहुंच रही समस्याओं का पहले अधिकारी अध्ययन करते है व बाद में निर्धारित समय में उनका निदान करते है। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे समस्याओं के समाधान में यस या नो का फामूर्ला अपनायें। जनता को किसी भी तरह की



तकलीफ न दे अगर समस्या का समाधान देरी से होता है तो वह जनता के साथ अन्याय ही समझा जाता है। उपायुक्त ने फैमली आईडी, पैंशन, बिजली पानी व अन्य रोजमर्रा की समस्याओं से ताल्लुक रखने वाले विभागों को निर्देश दिए कि वे तत्काल समस्याओं पर संज्ञान लेकर उसका निस्तारण करे। उपायुक्त ने आम जन को भी समाधान शिविर में आहवान किया कि वे अगर बाईक पर अगर बाहर निकलते है तो हैलमेट का प्रयोग करें व अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ्य को लेकर थोड़ी सी चिंता करें व मोटे अनाज का प्रयोग भी उपयोग कर इस कड़ाके की ठंड में अपने को मजबूत बनायें। शिकायतकर्ता फतेह सिंह, राजेन्द्र, प्रताप, पाई देवी, मन्नू ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि वे खोतपुरा के रहने वाले है व गांव में चोरा माईनर का पानी आता है व पानी में कैमिकल है। इस पानी से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। इससे प्रभावित नल्के व नल्कूपों का पानी दूषित हो चुका है जोकि पीने लायक नहीं रहा। उन्होंने माईनर को पक्का करवाने की मांग की। उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए रामभज वासी झटटीपुर की समस्या पर संज्ञान लेते हुए इसराना की पंचवटी कॉलोनी में स्थित मकान पर गेट लगवाने के मामले का अध्ययन करने के डीटीपी को निर्देश दिए व उपरोक्त स्थान पर निरीक्षण कर शीघ्र ही रिपोर्ट देने की बात कही।

शिकायतकर्ता सरला देवी जो मिड -डे- मिल वर्कर है ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि वह भापरा प्राईमरी स्कूल में कार्यरत है लेकिन स्कूल तक पहुंचने का कोई ठोस जरिया नहीं है। उन्हें पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से राजकीय विद्यालय पावटी में स्थानातंरत करने की अपील की। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले का अध्ययन करने के निर्देश दिए।

# हमने अपनी युवा पीढ़ी को हर तरह से पारंगत बनाना हैः विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जीवन और शिक्षा का जो मकसद है वो है सर्वांगीण विकास, हमने अपनी युवा पीढ़ी को हर तरह से पारंगत बनाना है विज देर शाम अम्बाला छावनी के सिसिल कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक समारोह में विद्यार्थी एवं अभिभावकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा को बेहतर बनाते हुए वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने का आहवान युवा पीढ़ी से किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



जमकर प्रशंसा की और स्कूल को सामाजिक कार्यों के लिए 10 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री अनिल विज का जोरदार स्वागत किया गया। मंत्री अनिल विज ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। विज ने इस मौके पर कहा कि अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, हमारा देश अलग-अलग भाषाओं एवं संस्कृति का देश हैं, स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आज यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जो प्रस्तुति दी गई है उसमें लगभग सारे हिन्दुस्तान का दर्शन करवाया गया हैं। शिक्षा का अर्थ होता हैं ज्ञान, कौशल और मूल्यों को ग्रहण करना यानी उन्हें प्राप्त करना। ज्ञान को हमारी किताबों स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों से प्राप्त करने की व्यवस्था की गई हैं ताकि विद्यार्थी यहां से उच्च स्तर का ज्ञान प्राप्त करके जीवन में आगे बढ़ सकें। इसी प्रकार कौशल रूपी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए भी व्यवस्था की गई हैं। तकनीकी के इस युग में बच्चों को नई-नई तकनीकों के बारे में कौशल मिले, इसके लिए पॉलिटेक्निक, आईटीआई, इंजीनियरिंग कॉलेज व मेडिकल कॉलेजों में इसकी व्यवस्था करते हुए तकनीकी कौशल उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। हमारा जो अधिकतर ज्ञान है वो हमारे शास्त्रों से हमें पढकर सिखने को मिलता हैं, परंतु विडंबना है कि हमारे शास्त्र संस्कृत में लिखे हुए हैं, संस्कृत हमसे बहुत पहले साजिश के तहत छीन ली गई थी। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि हमारे देश की सोच है कि केवल इंग्लिश पढकर ही हम सब सिख सकते हैं। परन्तु यह सत्य नहीं हैं, फ्रांस की बात करें तो वहां फ्रेंच बोली जाती है, वहां पर जितनी भी दुकाने, उद्योग है वहां पर उनके बाहर फ्रेंच में ही लिखा जाता हैं। चाईना विश्व में बड़ी ताकत है और वहां पर भी चाईनिंज भाषा का प्रयोग किया जाता हैं। जापान एक छोटा सा देश है वहां पर भी जैपनिज पढाई जाती हैं। जर्मन में जर्मनी की पढाई करवाई जाती हैं।

# सर्दियों में रीढ़ की सेहत की रक्षा और पीठ दर्द से बचाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः जैसे-जैसे तापमान गिरता है** और सर्दियों का मौसम आता है, गर्म कंबल और चाय-कॉफी की चाह बढ़ जाती है। हालांकि यह मौसम त्योहारी खुशी और खूबसूरत नजारे लेकर आता है, लेकिन यह रीढ़ की सेहत के लिए चुनौतियां भी पेश करता है। ठंड का मौसम रीढ़ में जकड़न, दर्द और गतिशीलता में कमी की समस्या बढ़ा सकता है, इसलिए अपनी रीढ़ की रक्षा के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है। सर्दियों में कम तापमान की वजह से रीढ़ के आसपास की मांसपेशियां और लिगामेंट्स सख्त हो जाते हैं, जिससे जकड़न और असुविधा होती है। कम शारीरिक गतिविधि, जो कम रोशनी वाले दिनों के कारण और बढ़ जाती है, रक्त संचार और रीढ़ की गतिशीलता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। *सीके बिरला अस्पताल, गुरुग्राम के स्पाइन सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ अरुण भनोट ने बताया कि* ह्लगठिया, हर्नियेटेड डिस्क या स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी मौजूदा समस्याओं वाले लोगों के लिए यह और भी कष्टदायक हो सकता है। स्लिप डिस्क, साइटिका या रीढ़ के तंतुओं पर दबाव के मामले में ठंड का प्रभाव और बढ़ सकता है। यहां तक कि जो लोग इन स्थितियों से पीड़ित नहीं हैं, उनके लिए भी लंबे समय तक निष्क्रियता और गलत बैठने की मुद्रा से पीठ दर्द की समस्या हो सकती है। सर्दी के मौसम में रीढ़ की सेहत बनाए रखने के लिए कुछ व्यावहारिक उपाय अपनाए जा सकते हैं। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनना, थर्मल और शॉल का इस्तेमाल करना और पीठ को हमेशा गर्म रखना बेहद जरूरी है। रीढ़ की सुरक्षा के लिए सही मुद्रा बनाए रखना चाहिए, खासकर जब लंबे समय तक बैठने का समय बढ़ जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग मामलों में नाबालिग से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** कुंडली व सिविल लाइन थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो मामलों में नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शेर बहादुर निवासी गोरखा नेपाल हाल में कुंडली व राकेश उर्फ डम्पी निवासी तारा नगर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 10 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ राजेश नाम के युवक ने गलत काम किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं बच्ची का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं थे। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वहीं सीआईए टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राकेश उर्फ डंपी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सतीश ने बताया कि गत 26 अक्टूबर को एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ कुछ युवकों ने मिलीभगत करके दुष्कर्म किया है। पुलिस ने इस संबंध में मुख्य आरोपित को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने व जान से मरने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर डीसीपी कार्यालय में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में अमित के साथ हुई थी। शादी के बाद उसे मानसिक व शारीरिक तौर से प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज की मांग को लेकर उसे गाड़ी देने की मांग की जाने लगी। मांगे पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई रविता ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अवैध शराब की खेप पकड़ी, 1373 पेटी बरामद, गोदाम बना कर छिपा रखी थी शराब

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र में गोदाम के अंदर रखी अवैध शराब को क्राइम यूनिट ने पकड़ा है। वहीं टीम ने मौके से शराब की पेटियों से भरा ट्रक भी बरामद किया है। जिससे तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने शराब की गिनती की तो अवैध शराब की 1373 पेटी मिली है। पुलिस ने इस संबंध में रविंद्र उर्फ डीसी निवासी मुरथल व प्रदीप सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक क्राइम यूनिट को सूचना मिली थी कि मुरथल के रहने वाले रविंद्र, प्रदीप और उसके साथियों ने डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी के गोदाम बनाकर अवैध शराब छिपा रखी है। टीम ने सोमवार आबकारी विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई की। टीम वहां पहुंची तो मकान में एक कैंटर खड़ा था। वहां मकान में कोई नहीं मिला। कैंटर की जांच की तो उसमें शराब की पेटी लोड थी। जिस पर सेल फोर ओनली चंडीगढ़ लिखा था।

# बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल बिल्डिंग सबसे बेहतरीन बिल्डिंग होगी : विज

### विज ने निमार्णाधीन बैंक स्क्वेयर का किया निरीक्षण

**दिशा-निर्देश**

**बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल का जो असली नक्शा था उसी के मुताबिक इसे बनाया जाए : विज**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जिस प्रकार से अम्बाला छावनी में बैंक स्क्वेयर कम शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग बन रही है वह समझते हैं कि यह हरियाणा की सबसे बेहतरीन बिल्डिंग होगी। विज जगाधरी रोड पर निमार्णाधीन बैंक स्क्वेयर कम शॉपिंग मॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक एवं निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि निर्माण कार्य को लेकर आज विभिन्न विभागों के अधिकारी इसलिए एकत्रित हुए हैं ताकि जो रुका हुआ कार्य था उसे दोबारा पूरा किया जा सके, साथ ही बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल का जो असली नक्शा था उसी के मुताबिक इसे बनाया जाए। उन्होंने बताया इस बिल्डिंग में अम्बाला छावनी के 32 बैंक शिफ्ट होंगे, अभी वह बैंक बाजारों में सड़कों पर है और बैंकों के आगे पार्किंग समस्या की वजह से सारा दिन बाजारों में जाम रहता है। इसलिए यह तय किया गया है कि सारे बैंक एक ही बिल्डिंग में आए। एक ही बिल्डिंग में सभी बैंक आने से लोगों को भी इससे आसानी होगी और वह बैंक से जुड़े कार्य एक ही बिल्डिंग में आकर पूरे कर सकते हैं। बैंक स्क्वेयर कम शापिंग की ही तरह उन्होंने पहले एसडीएम आफिस बनाकर दिया जहां आज विभिन्न विभागों के दफ्तर जोकि फैले हुए थे वह सभी एक ही छत के नीचे एसडीएम आफिस में शिफ्ट किए और वह अब कार्य कर रहे हैं। अब बन रही इस बिल्डिंग में यहां लगभग 32 बैंक आ रहे हैं और शोरूम बन रहे हैं। इस बिल्डिंग का नाम इसी वजह से अब अम्बाला बैंक स्क्वेयर कम शापिंग मॉल रख रहे हैं। आज निर्माण कार्य को लेकर सभी संबंधित अधिकारी आए है और सर्वसम्मति से प्रोपोजल बनाने का निर्णय लिया है जिसे सरकार के पास भेजा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पिछली तरफ शोरूम बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इसका प्रपोजल बनाया जाए। विज ने निर्माण कार्य को लेकर बिल्डिंग के भूतल, प्रथम तल व अन्य तलों पर जाकर बारिकी से निर्माण कार्य का जायजा लिया और जल्द निर्माण को पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग की छत मजबूत शीशे की होगी जिससे दिन के समय पूरी रोशनी बिल्डिंग में फैलेगी। इसके अलवाा अन्य जानकारियां भी उन्होंने मंत्री अनिल विज को दी। इस अवसर पर भाजपा नेता राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, संजीव सोनी, बीएस बिंद्रा, रामबाबू यादव, श्याम सुंदर अरोड़ा,बलकेश वत्स, आशीष अग्रवाल, डा. दिनेश अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किया गया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर खण्ड स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डा. मनोज कुमार ने बताया कि धान की पराली जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को नुकसान होता है जबकि इन्ही फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से कई फायदे होते है। डा. सरिता रानी ने फसल अवशेष प्रबंधन करने से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए किसानों को अपने खेत की पराली ना जलाने के लिए जागरूक किया। डा. फतेह सिंह ने खुम्ब उत्पादन में पराली के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। डा. कविता ने मिट्टी की जाँच तथा डिकंपोजर के प्रयोग के बारे में जानकारी दी।

**नुकसान**

**डा. मनोज कुमार ने बताया कि धान की पराली जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को नुकसान होता है**

कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देने के लिए समय समय पर ग्राम स्तरीय, खण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों, किसान प्रशिक्षण, खेत दिवस तथा किसान मेला आदि का आयोजन किया जाता है जिससे किसानों को यथा समय जानकारी मिलती रहती है। इसके साथ ही स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए, भी इस विषय पर कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में दोषी को चार वर्ष कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 12 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जीटी रोड स्थित सोसायटी के फ्लैट में रहने वाली 13 वर्षीय (घटना के समय) गत दस अगस्त को पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह आठवीं कक्षा की छात्रा है। नौ अगस्त, 2023 को वह स्कूल से आकर सो रही थी। अचानक उसकी आंख खुली तो गांव नांगल का रहने वाला अशोक उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। जब वह उठने लगी तो उसने जबरदस्ती उसके कपड़े उतार दिए। पीड़िता ने बताया था कि उसने खुद को बाथरूम में बंद कर उससे खुद को बचाया। इस दौरान अशोक ने मामले के बारे में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। उससे बचने के लिए वह बालकनी के रास्ते पड़ोस में रहने वाली आंटी के घर पहुंची। उसे मामले से अवगत कराया।

## नेहरू युवा केन्द्र द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन

**पर्यावरण संदेश**

**हम सभी को मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नेहरू युवा केन्द्र तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गांव दबखेडी में पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से किया गया।

प्राथमिक विद्यालय के प्रिंसीपल संजय भारद्वाज ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण करवाया साथ ही युवाओं को इस अभियान के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पेड़ लगाने से पर्यावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और वायु प्रदूषण कम होता है।

## समस्याओं का समाधान करना ही अधिकारी की सबसे बड़ी सेवाः नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करने का अधिकारियों को एक सुनहरा अवसर मिल रहा है। जो अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित किसी भी नागरिक की समस्या का समाधान करेगा, वह सही मायने में सरकार की सबसे बड़ी सेवा होगी। इसलिए सभी अधिकारी पूरी मेहनत के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान करने का अथक प्रयास करें।

उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान बातचीत कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने क्रिड विभाग से सम्बन्धित 12 और अन्य विभागों से सम्बन्धित 29 समस्याओं को सुना। इनमें से अधिकतर समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कुछ समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

**प्रयास**

**सभी अधिकारी पूरी मेहनत के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान करने का अथक प्रयास करें।**

इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त आदेश भी दिए कि इन समस्याओं को गंभीरता के साथ लेना है क्योंकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं एक-एक समस्या पर गौर कर रहे है। अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही नजर आई तो मुख्यमंत्री कार्यालय से सम्बन्धित अधिकारी पर सीधी कार्रवाई होगी। अधिकारियों को निर्धारित समय पर समाधान शिविरों में पहुंचकर अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित समस्या पर गंभीरता से विचार विमर्श करना है।

## बच्चों ने पिपली चिड़ियाघर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**कुरुक्षेत्र :** आज किडजी स्कूल सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र के पिपली चिड़ियाघर में प्ले ग्रुप और नर्सरी कक्षा के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पशु-पक्षियों की जानकारी देना और उन्हें प्राकृतिक वातावरण से जोड़ना था। बच्चे बड़ी उत्सुकता और उल्लास के साथ चिड़ियाघर पहुंचे। वहां उन्होंने शेर, बाघ, हाथी, हिरण, बंदर, मोर और कई अन्य जानवरों को देखा। बच्चों ने अपने शिक्षकों से इन जीवों के नाम, उनके भोजन और उनके आवास से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

## अस्पताल में ओपीडी व्यवस्था बेहाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ की कोर्ट में लगाई ड्यूटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिला नागरिक अस्पताल में प्रधान चिकित्सक अधिकारी व जिला स्वास्थ्य अधिकारी की स्थाई तैनाती न होने का खामियाजा आमजन को भुगतने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बिना उपचार के वापिस लौटना पड़ रहा है। मरीज अस्पताल में एक सप्ताह से उपचार के लिए चक्कर काट रहे है, लेकिन उसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। नेत्र रोग, हड्डी रोग, चर्म रोग ओपीडी में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत हर रोज दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन होता है। जिसमें से हड्डी रोग, चर्म रोग व नेत्र रोग की करीब आठ सौ के करीब ओपीडी है। सोमवार को सुबह से रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीजों की लाइन लगना शुरू हो गया था, लेकिन ओपीडी में चिकित्सकों की कमी होने के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ विपिन दलाल की कोर्ट में ड्यूटी होने का नोटिस चस्पा हुआ पाया गया, वहीं नेत्र रोग ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली, लेकिन ओपीडी में महज एक ही चिकित्सक बैठा था। चरम रोग ओपीडी के चिकित्सक की ड्यूटी जुआं सामुदायिक केंद्र पर होने के चलते ओपीडी बंद रही।

**मरीज हलकान**

**अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बिना उपचार के वापिस लौटना पड़ रहा है**

## वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विरेंद्र उर्फ काकू निवासी हरसाना हाल में सिक्का कॉलोनी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-15 निवासी भूपेश ने बताया कि उसने गत 24 नवंबर को अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद घर से बाहर निकला तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## 19 को जगजीत डलेवाल को समर्थन देंगे किसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा:** पिहोवा किसान रेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन की मीटिंग हल्का प्रधान कवलजीत छज्जपुर व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा की अध्यक्षता में हुई किसानों ने बैठक में एकमत होकर एम०एस०पी० समेत तमाम माँगो व जगजीत डलेवाल के आमरण अनशन का समर्थन किया। युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने कहा कि किसान नेता जगजीत डलेवाल लगभग पिछले 21 दिन से किसानों की माँगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे है। किंतु सरकार राजहठ पर अड़ी हुई है और किसानों की जायज माँगे नहीं मान रही जबकि पिछले आंदोलन की समाप्ति के समय सरकार ने लिखित में पत्र देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी समेत ये तमाम माँगे पूरी करने



का वायदा किया था किंतु अब सरकार वायदे से मुकर रही है और लोकतांत्रिक मूल्य को भी भूल चुकी है युवा प्रधान ने कहा की एक लोकतांत्रिक देश में ये बहुत शर्म की बात है की एक किसान नेता 21 दिन से आमरण अनशन पर बैठा है और सरकार ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया। भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य सभी किसान नेताओं को भी इसे मामले का संज्ञान लेना चाहिए और आपसी छोटे मोटे मतभेद भूलकर एक मंच पर इकट्ठे होना चाहिए और मजबूती से किसानों की माँगो को उठाना चाहिए क्योंकि एम०एसपी०पी० गारंटी जैसी बड़ी माँग इकजुट होकर ही मनवाई जा सकती है और सभी किसान नेताओ के इक्कठा होने में ही पूरे किसान समाज की भलाई व मजबूती है। 19 दिसम्बर वीरवार को पिहोवा से किसान खानौरी बॉर्डर पर जाने के लिए किसान रेस्ट हाउस पिहोवा में सुबह 10 बजे इक्कठा होकर रवाना होंगे इस मौके पर गुरलाल असमानपुर,अजायब सिंह,गगन चुनिया फार्म,मनीष मलिक,मिल्लू सरसा,रमन कहलों,सुरजीत सिंह,दिलबाग मलिक,सतनाम विर्क,काकू चीमा,जश्न उप्पल,राजपाल विर्क,जितेंद्र ढिंड ,बबलू जांगड़ा,टहल सिंह,पप्पल मुकिमपुरा,दरबारा खाखली,जगदीश सुरमी ,गौरव कुमार व अन्य मौजूद रहे।

**भावना**

**किसान नेता जगजीत डलेवाल लगभग पिछले 21 दिन से किसानो की माँगो को लेकर आमरण अनशन पर बैठे है**

## हरियाणा-दिल्ली के व्यापारी से कॉल कर मांगी रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में बदमाशों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। कुंडली थाना क्षेत्र में व्यापारी से फोन पर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कॉलर ने व्यापारी से फोन कर खुद को मोनू राठधाना बताते हुए कहा कि कारोबार में बढ़िया कमा रहे हो, तुम्हारा हरियाणा-दिल्ली में बड़ा धंधा चल रहा है। उसकी हिस्सेदारी पहुंचा देना वरना मरने के लिए तैयार हो जाना। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपित द्वारा व्यापारी से रंगदारी मांगने का नया आरोप नहीं है। आरोपित सात साल पहले हाल में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व उस समय किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं कष्ट निवारण समिति के सदस्य मोहन लाल बड़ौली से दस लाख की रंगदारी मांग चुका है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित को गिरफ्तार किया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी ने पुलिस को बताया कि उसके पास फोन काल आई थी। फोन करने वाले ने खुद का परिचय मोनू राठधना के रूप में दिया। व्यापारी का कहना है कि आरोपित ने उसे कहा कि उसके हरियाणा और दिल्ली में कई कारोबार है। उसका हिस्सा पहुंचा दे। जब उसने इंकार किया तो आरोपित ने कहा कि हिस्सा नहीं देना तो मरने के लिए तैयार रहो। घबराएं व्यापारी ने मामले से स्वजन को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने छानबीन करने के बाद आरोपित मोनू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित मोनू का पहले से आपराधिक रिकार्ड है। उस पर हत्या, लूट, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। अब व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**हौसले बुलंद**

**कॉलर ने व्यापारी से फोन कर खुद को मोनू राठधाना बताते हुए कहा कि कारोबार में बढ़िया कमा रहे हो**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी मांग चुका है रंगदारी :** जिले में बदमाश इस कदर मकड़जाल फैला रहे है कि उनकी धमकियां सत्ता पक्ष में बैठे पदाधिकारियों को मिल चुकी है। फरवरी, 2017 में आरोपित ने उस वक्त भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं कष्ट निवारण समिति के मेंबर रहे भाजपा नेता और खनन कारोबारी मोहन लाल बड़ौली को फोन कर कहा था कि वह खनन में मोटी कमाई कर रहा है। 10 लाख रुपये पहुंचा दे, नहीं तो काम तमाम कर दूंगा। इस संबंध में राई थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित मोनू को गिरफ्तार भी किया था।

**जिले में इस साल आ चुके है कई रंगदारी के मामले सामने-**

1. गोहाना के आभूषण कारोबारी से 23 नवंबर को वाट्सएप काल कर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। व्यापारी को 10 लाख रुपये लेकर जींद बुलाया था। जहां पहुंचे दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई थी

2. तीन दिसंबर को एंटी गैंगस्टर यूनिट ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में जेल में बंद लारेंस गैंग के शूटर अंकित सेरसा के नाम पर रंगदारी मांगने के सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने कुंडली में एक होटल संचालकों से चार लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।

## टिकट बनवाने का झांसा देकर पति-पत्नी से हजारों रुपये की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** रेलवे स्टेशन पर रेल गाड़ी में कंफर्म टिकट बनवाने का झांसा देकर हजारों रुपये की राशि के ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। जोगबनी बिहार निवासी छोटे लाल ने बताया कि वह गत 15 दिसंबर को अपनी पत्नी के साथ सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। उसे पत्नी के साथ कटिहार बिहार जाना था। दोनों प्लेटफार्म नंबर-1 पर रेलगाड़ी के आने का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान एक अनजान व्यक्ति उनके पास आया। वह कहने लगा कि वह गाड़ी में कन्फर्म टिकट बनवाकर दे देगा। उन्हें गाड़ी के गार्ड के डिब्बे में बैठा देगा। ताकि उन्हें सफर में कोई परेशानी न आने पाएं। उसकी पत्नी व खुद उसकी बातों के झांसे में आ गया। व्यक्ति ने उसे लिफ्फे में नौ हजार रुपये की राशि डलवा कर ले ली। उसके बाद वहां से चला गया। काफी देर तक उसका इंतजार करते रहे, लेकिन वह वापिस नहीं आया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पीड़ित ने बताया कि टिकट दिलवाने के नाम पर उसने नौ हजार रुपये की राशि को ऐंठ लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राजकीय रेलवे पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अजय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**फर्जीवाड़ा**

**पीड़ित ने मामले को लेकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। मुकदमा दर्ज कर लिया है**

# देश की तरक्की में केवल स्वस्थ नागरिक ही दे सकता है अपना योगदान: मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : ओलम्पियन** अर्जुन अवार्डी बॉक्सर मनोज कुमार ने कहा कि देश की तरक्की में केवल स्वस्थ नागरिक ही अपना योगदान दे सकता है। इस देश के नागरिक को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना साइकिलिंग को अपनाना चाहिए। इस देश के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान का आगाज किया गया है। ओलम्पियन अर्जुन अवार्डी मनोज कुमार मंगलवार को



भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र में फिट इंडिया साईकिलिंग अभियान के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले ओलम्पियन मनोज कुमार, साई कुरुक्षेत्र के सहायक निदेशक बाबू राम रावल, साईकिलिंग के चीफ कोच कुलदीप सिंह वडैच, हरियाणा साईकिलिंग एसोसिएशन के सचिव नीरज तंवर, साई के भूतपूर्व चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने फिट इंडिया साईकिलिंग रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। अहम पहलु यह है कि ओलम्पियन अर्जुन अवार्डी मनोज कुमार सहित 90 से ज्यादा साईकिलिंग खिलाडि?ों व प्रशिक्षकों ने 5 किलोमीटर साईकिल चलाकर नागरिकों को आधुनिक दौर में फिर से साईकिल को अपनाकर हमेशा फिट रहने का संदेश भी दिया।

ओलम्पियन मनोज कुमार सहित 90 से ज्यादा साईकिलिंग खिलाडि?ों ने साई सेंटर कुरुक्षेत्र से लेकर जिंदल चौक और फिर जिंदल चौक से साई सेंटर कुरुक्षेत्र तक साईकिलिंग की है। इतना ही नहीं फिट इंडिया साईकिलिंग अभियान के साथ साई सेंटर शिक्षा भारती स्कूल रोहतक से 54 प्रतिभागियों ने साईकिल चलाई। इसके अलावा एनसीओई सोनीपत से 107, पीएसएम स्कूल खरखौंदा सोनीपत से 113, सीसीयू हिसार से 50, सीसीयू हिसार के दूसरे सेंटर से भी 50, भीम स्टेडियम भिवानी से 75, आर्य कन्या गुरुकुल करनाल व ममता मॉर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एसटीसी भवाना दिल्ली से 107 के साथ-साथ रोहतक और कुरुक्षेत्र साई सेंटर से 90 खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। साई प्रभारी बाबू राम रावल ने कहा कि क्षेत्रीय निदेशक के मार्गदर्शन में फिट इंडिया साइकिलिंग इवेंट का सफल आयोजन किया गया।

# नशे से दूर रहकर शिक्षा व खेलों से नाता जोड़े युवा: एसपी वरूण सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :देशभर में चल रहे** नशा मुक्त भारत अभियान मे भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र श्री वरूण सिंगला आईपीएस ने कहा कि सभी युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा तथा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार कर अपने इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस सभी गांवो में युवाओं को खेल



गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास कर रही है तथा समूचे जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन करवाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला भर में युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए पुलिस जवान लगातार गांव दर गांव जाकर युवाओं के साथ खेल गतिविधियों में भाग लेकर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं, जो काफी सार्थक साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाए हुए हैं और ओर इसी मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### अंत्योदय महिलाओं को हरियाणा सरकार देगी 500 रुपए में गैस सिलेंडर

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**खाद्य एवं** आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर गृह - हर गृहणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को रसोई में धुआं रहित स्वच्छ वातावरण देने में कारगर साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। डीएफएससी नीतु ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रही हैं। बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह - हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है। अभी तक जिला की हजारों महिलाओं ने सीएससी के माध्यम से इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन किया है। कम आमदनी वाले घर, जो फुल प्राइस पर एलपीजी नहीं खरीद सकते और खाना पकाने के लिए पारम्परिक संसाधनों पर निर्भर करते थे, उन्हें इस योजना से खासकर फायदा होगा। डीएफएससी नीतु ने बताया कि पानीपत जिला में सरकार द्वारा एलपीजी कनेक्शन देने के लिए उज्जवला योजना पहले से शुरू की हुई थी। जिसमें 500 रुपए में गैस कनेक्शन मिल जाता है। अब जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम है, वे महिला उपभोक्ता के नाम से हर घर हर गृहणी योजना का लाभ ले सकते हैं। इस स्कीम के तहत हर महीने 500 रुपए में एलपीजी रिफिल मिलेगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पंजीकरण करवा रही हैं। जिला में उज्जवला स्कीम के 47285 हजार से अधिक कनेक्शन हैं और यहां 39 गैस एजेंसी काम कर रही हैं। इसलिए हर महीने एलपीजी की आपूर्ति में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### मंत्री ने बलाना में प्रस्तावित आवासीय कॉलोनियों की भूमि का किया निरीक्षण

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पंचायत विकास** एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बलाना में प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी की भूमि का जायजा लेने के बाद कहा कि अगर सरकार का यह प्रोजेक्ट फाईनल होता है तो लोगों को इसका अच्छा खासा लाभ मिलेगा। मंत्री के साथ हरियाणा पंचायती राज विभाग के निदेशक डी.के बेहरा व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इसी कड़ी में मंत्री ने मांडी गांव में फिरनी पर स्ट्रीट लाईट का शुभ आरंभ किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 1 हजार फिरनियों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करेगी। 1 हजार गांव में महिला संस्कृति केंद्र की स्थापना की जाएगी। मंत्री ने कहा कि गांव में मूल भूत सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि गांव में बच्चों के स्वस्थ्य को ध्यान में रखते हुए ढाई हजार जीम लगाये जाएगें। पानी की उचित व्यवस्था की जाएगी। पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहें इस पर कार्य किया जा रहा है। 80 प्रतिशत से ज्यादा गांव में सरकार के प्रयासों से 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक, इसराना एसडीएम ज्योति मित्तल, पंचायती राज के चीफ इंजीनियर यशवीर पंवार, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, टाऊन प्लानिंग अधिकारी पंकज, डीडीपीओ मनीष मलिक, बीडीपीओ विवेक, सामाजिक कार्यकर्ता रंजिता कौशिक के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीजेएम ने पोक्सो एक्ट और निषेद व साइबर क्राइम बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश** एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री इरम हसन जेपीएस एकेडमी स्कूल असंध पहुंची, जहां उन्होंने पोक्सो एक्ट और निषेद व साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। इसके श्चात सीजेएम सब डिवीजन असंध पहुंची।

# बाल विवाह-यौन दुराचार एक गंभीर समस्या

## समालखा के स्कूलों एवं गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**सामाजिक संस्था एमडीडी** आफ इंडिया द्वारा शिक्षा विभाग के तत्वावधान में समालखा खंड के गांव नारायणा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह एवं बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विवाह व बाल मजदूरी मुक्त जिला बनाने को लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तहसील कैंप, शकुंतला पब्लिक स्कूल में भी जागरूकता कार्यक्रम किये गए। इस मौके पर स्कूली छात्राओं एवं समस्त स्टाफ



ने बाल विवाह, बाल मजदूरी व यौन दुर्व्यवहार जैसी कुरूतियो को मिटाने की शपथ ली। समाजसेवी संस्था एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार ने स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह, यौन दुर्व्यवहार एवं बाल मजदूरी तीनों ही एक गंभीर समस्या है तथा इन सभी बाल अपराधों को खत्म करने के लिए एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था लगातार प्रयास कर रही है। संस्था अनेक हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करते हुए आगे बढ रही है। स्कूल प्रिंसिपल कैलाश कुमार ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक तथा आर्थिक विकास नहीं हो पाता। ऐसे में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के अभियान को चलाकर हम लड़कियों के जीवन को सुरक्षित बना सकते हैं। इस अवसर पर सामुदायिक कार्यकर्ता दीपिका, अध्यापक नरेश, राकेश, धर्मपाल, प्रियंका, पूजा, गीता, राजबीर, मनीष, सीमा, विजय पाल, सुनीता, ममता के अलावा समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी योगेश कुमार ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**खंड कार्यालय में मंगलवार** को नवनियुक्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी योगेश कुमार द्वारा पदभार संभाले जाने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में कर्मचारियों ने अधिकारी को पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर नवनियुक्त बीडीपीओ योगेश कुमार ने भी भाग्य सभी कर्मचारियों की बैठक ली । बैठक में ग्राम सचिवों और कर्मचारियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली और कर्मचारियों को लंबित पड़े सभी कार्यों को शिकार पूरा करने के निर्देश दिए । बैठक में मनरेगा के कार्यों की समीक्षा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव में चलाए जा रहे सफाई के कार्य ग्राम पंचायत विकास योजना एवं सीएम विंडो की लंबित पड़ी रिपोर्ट को भी जल्द मिटाने के निर्देश दिए । खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आईएएस योगेश कुमार ने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के रिक्त पड़े पद पर ट्रेनिंग के दौरान 3 सप्ताह के लिए कार्यालय का पदभार संभाला है । उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान उन्हें एक साल एकेडमी में कार्यभार संभालना होता है और एक वर्ष के समय में अन्य विभाग जैसे तहसील खंड व दूसरे विभागों का चार्ज मिल जाता है।

# ज्यादातर एजेंडें पर पार्षदों ने दी सहमति

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**जिला सचिवालय में** मंगलवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरमैन काजल ने की। बैठक में जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक की उपस्थिति में 11 सूत्रीय एजेन्डे पर पार्षदों ने विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। ऐजेंडों की ज्यादातर मांगों पर सभी पार्षदों ने सहमति प्रकट की। जिला परिषद के सीईओ ने नरेंद्र पाल मलिक ने बताया कि डाहर गांव में जिला परिषद के भवन का निर्माण किया जाएगा। इसको लेकर कार्य प्रगति पर है। जो आवश्यक कार्यवाही होनी है उस पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्षदों की मागों पर प्राथमिकता के आधार पर होगा कार्य। बैठक में 11 सूत्रीय एंजेन्डे पर एक -एक करके चर्चा की गई। एजेंडे में राज्य वित आयोग ग्रांट की प्रगति पर सभी पार्षदों ने सहमति प्रकट की। एजेंडा में दूसरी मांग पर 15वीं वित्त आयोग ग्रांट की प्रगति पर सभी पार्षदों ने सहमति प्रकट की। 2025-26 की जैडपीडीपी में करवायें जाने वाले विकास कार्यो के प्लान तैयार करने बारे सभी पार्षदों ने एक मत के साथ सहमति प्रकट की। उपायुक्त ने बताया कि 15वें वित आयोग ग्रांट के अंतर्गत 1 हजार सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने पर विचार विमर्श हुआ।

# दुनिया माजरा स्कूल में अमरजीत पांचाल ने पंजाबी के पद पर किया कार्यग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : राजकीय** माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा में पंजाबी के पद पर अमरजीत पांचाल ने कार्यग्रहण किया ।इससे पहले अमरजीत पांचाल प्राथमिक पद पर गोविंद माजरा में कार्यरत थे और उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से शिक्षण के क्षेत्र में अपना नाम कमाया है वे धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के अलावा विभिन्न संघो में भी पदाधिकारी रहे हैं ।और राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कुरुक्षेत्र व पेंशन बहाली संघर्ष समिति के भी जिला प्रेस



प्रवक्ता रहे ।उन्होंने लगभग 9 वर्ष तक गोविंद माजरा के विद्यालय में अपनी सेवाएं दी ।उनकी नियुक्ति पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा के मुख्य अध्यापक जसवीर सैनी ने उन्हें पंजाबी के पद पर कार्यग्रहण करवाया। उन्होंने कहा कि काफी समय से विद्यालय में पंजाबी का पद खाली था जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानी हो रही थी नए अध्यापक आने से बच्चों की यह समस्या दूर होगी।

# बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। उत्तर हरियाणा** बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने बताया कि 18 दिसंबर को प्रातः 11 बजे राजीव गांधी विद्युत सदन के कांफ्रेंस हाल सर्कल कार्यालय सेक्टर 12 करनाल में बिजली संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा हैए ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं।

# शिक्षा सामान्य मनुष्य को बना देती है महान: रणदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**आर्य बाल भारती स्कूल** परिसर में नव-नियुक्त प्राचार्य अशोक आर्य ने पूरे विधि-विधान के साथ पद भार ग्रहण किया। विधालय प्रबंधक समिति के प्रधान रणदीप आर्य कोषाध्यक्ष महताब मलिक आर्य समाज के जिला मिड़िया प्रभारी ओमदत्त आर्य कार्यवाहक प्राचार्या मोनिका कटारिया, पूर्व उप प्राचार्य वेदिक प्रवकता राजकुमार उप प्राचार्य जगदीश चहल ने उन्हें यह पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर प्रधान रणदीप आर्य ने कहाँ कि शिक्षा विकास की धूरी है जो सामान्य मनुष्य को महान बना देती है। इसी के दृष्टिगत सभी आर्य शिक्षण संस्थानो में शिक्षा के साथ



साथ वैदिक संस्कार देने का कार्य भी किया जाता है। किसी भी शिक्षण संस्थान को शिखर तक पहुचाने में प्राचार्य और विषय विशेषज्ञ प्रवक्ताओं का अहम योगदान होता है। यह हमारे लिए खुशी की बात है कि विद्यालय को लम्बे समय के बाद अशोक आर्य जैसे आर्य वीर दल को समर्पित विद्यावाचस्पति (पी0एच0डी0) प्राप्त प्राचार्य मिले है यही नही प्राचार्य अशोक आर्य फिजिकल एजुकेशन में भी स्नातकोत्तर है। विद्यालय को उनके अनुभवो का लाभ मिलेगा और विद्याालय परीक्षा परिणाम के मामले में मैरिट प्राप्त कर पाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक आर्य ने कहा कि उच्च कोटि की शिक्षा और उच्च कोटि के संस्कारो के अभाव में चरित्र निर्माण की कल्पना भी नही की जा सकती । इसलिए ऋषि दयानन्द ने आर्य समाज की स्थापना की और आज सभी आर्य शिक्षण संस्थाए ऋषि दयानन्द और स्वामी श्रद्वानन्द के बताए मार्ग पर चलते हुए उच्च कोटि की शिक्षा और संस्कार देने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि वेद विश्व के सबसे प्राचीन ग्रन्थ ही नही वेद विश्व की सबसे प्राचीन वैज्ञानिक रचना भी है। लेकिन गुलामी के दिनो में पहले मुगलो ने और फिर अंग्रेजो ने हमारी वैदिक संस्कृति को तहस नहस करने के अनेक प्रयास किए।

# पात्र महिलाएं सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए करें 27 तक आवेदन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
डीसी डॉक्टर वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सुषमा स्वराज पुरुस्कार देने के लिए 27 दिसम्बर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। यह पुरूस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि पुरस्कार देने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पहचान/मान्यता देना है, ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए रोल मॉडल बन सकें। यह भारतीय समाज में और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी एक लंबा सफर तय करेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया पुरस्कार में 5 लाख रुपए नकद, एक प्रशस्ति पत्र और एक शाल शामिल है। उन्होंने बताया कि आवेदक का जन्म हरियाणा में हुआ हो और महिलाओं के हित के लिए काम करती हो। नामांकन करने के दौरान नामांकित व्यक्ति जीवित होना चाहिए।

# दो व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यकर्मों का किया गया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
**चौधरी चरण सिंह हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में पांच दिवसीय (17.12.2024 से 21.12.2024) फल एवं सब्जी संरक्षण विषय पर दो व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यकर्मों का शुभारंभ किया गया। इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिले की कुल 60 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले की अनुसूचित जाति की महिलाओं को फल व सब्ज़ियो के संरक्षण से बनने वाले उत्पाद की ट्रेनिंग देकर उन्हें आर्थिक




रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना था। केंद्र द्वारा प्रत्येक वर्ष अचार व मुरब्बा , नर्सरी उत्पादन, कटिंग एंड टेलरिंग, बकरी उत्पादन, स्प्रे तकनीक, डेरी फार्मिंग, खुंभी उत्पादन इत्यादि विषय पर अनुसूचित जाति के प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनमें महिला सशक्तिकरण में बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं । इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर सतपाल सिंह जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बताया कि फल व सब्जी संरक्षण के तहत विभिन्न प्रकार के अचार- मुरब्बे बनाना बहुत ही अच्छा व्यवसाय व सदाबहार व्यवसाय हैं, इस व्यवसाय को महिलाएं छोटे स्तर पर भी शुरू कर सकती हैं तथा अपने आपको आर्थिक तौर पर सशक्त बना सकती है। ये व्यवसाय कम लागत पर अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है व महिलाएं इस व्यवसाय को करते हुए अपने निजी कार्य को भी सुचारू रूप से देख सकती हैं। इसके अतिरिक्त इस व्यवसाय की समय के साथ डिमांड भी बढ़ती जा रही है। इन प्रशिक्षण कार्यकर्मों का संचालन डॉक्टर सुनील सांगवान व डॉ राजेश बेरवाल ने किया। डॉ सुनील ने प्रतिभागियों को आज के परिदृश्य में किचन गार्डनिंग की आवश्यकता व उनके संभावित अचार मुर्बा के रूप में उपयोग के बारे में बताया।डॉ राजेश ने प्रतिभागियों को अचार मुर्बा बनाने में उपयोग होने वाले आवश्यक उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर उन्नत किसान श्री रणजीत सिंह ने प्रतिभागियों को आंवला का कैंडी और मुरब्बा बनाना सिखाया। प्रतिभागियों से कहा की वो पूर्ण रुचि के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करे ताकि वो इसे व्यवसाय के रूप में अपनाकर आर्थिक लाभ कमा सकें।

# मिलावटखोरी पर लगाम लगाने में नाकाम बीजेपी सरकार: डॉ. सुशील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र ;आम आदमी पार्टी** के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने दुध-दही, खान-पान में मिलावट को लेकर हरियाणा सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में खाद्य सामग्री में मिलावट एक गंभीर मुद्दा है। मिलावटखोरी में हरियाणा देश के टॉप-4 राज्यों में है। पिछले चार वर्ष के आंकड़ों बताते हैं कि हरियाणा में हर तीसरा खाद्य सैंपल फेल पाया गया है। यह चिंताजनक स्थिति प्रदेश की स्वास्थ्य सुरक्षा पर सवाल उठाती है। पिछले चार वर्षों में लिए गए कुल 12,859 नमूनों में से 3,638 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतर सके, जो प्रदेश के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ का स्पष्ट प्रमाण है। लेकिन हरियाणा सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट के कारण जनता के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। लंबे समय तक मिलावटी चीजों का सेवन करने से पेट में संक्रमण, अल्सर और कैंसर जैसी घातक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बीजेपी सरकार को जनता के स्वास्थ्य से समझौता नहीं करना चाहिए। यह बेहद आवश्यक है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और खाद्य सुरक्षा विभाग को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मिलावट की मुख्य वजह प्रदेश में एफएसओ की कमी है। प्रदेश में कुल 17 ऑफिसर हैं। ढाई साल से ज्यादा समय में बीजेपी सरकार 41 एफएसओ की भर्ती नहीं कर पाई। ज्यादातर सैंपल केवल त्योहारी सीजन के दौरान अक्टूबर-नवंबर में लिए जाते हैं। दूसरी मुख्य वजह प्रदेश की भौगोलिक स्थिति है।

# कांग्रेस मजबूत स्थिति में है और जनता बदलाव के मूड में हैः देवेन्द्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषित पहली सूची के 21 उम्मीदवार का आज प्रदेश कार्यालय में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से दिल्ली प्रभारी मौहम्मद काजी निजामुद्दीन, अ0भा0क0कमेटी के सचिव प्रभार दानिश अबरार और सुखविन्दर सिंह डैनी तथा दिल्ली चुनाव के लिए बने वार रुप के चेयरमैन प्रियव्रत सिंह के समक्ष परिचय कराया और उनको जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी। यादव ने कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि पहली सूची में अनुभवी, सक्षम, युवा, महिला सभी वर्गो को समाहित करके कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा की है और जल्द ही अगली सूची में भी इसी तरह का समावेश सुनिश्चित करके प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे, जिस पर चर्चा चल रही है। देवेन्द्र यादव ने चुनाव से संबधित सभी दस्तावेज, विधानसभा के कार्यकर्ता व नेताओं की सूची, मूल वोटर लिस्ट और पेन में वोटर लिस्ट व अन्य जानकारी सभी 21 कांग्रेस उम्मीदवारों को देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में पूरी व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण किया जाएगा। जिसके लिए पार्टी ने प्रियव्रत सिंह जी की अध्यक्षता में वार रूम बनाया है जो पूरी तरह उम्मीदवारों के साथ सहयोग करने के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि नामांकन, चुनाव, कानूनी अथवा व्यक्तिगत रूप से संबधित यदि कोई भी आपको मुश्किल होगी, आपके सहयोग और परेशानी को दूर करने का काम वार रुम करेगा। उन्होंने कहा कि वार रुम हमेशा आपके साथ तालमेल बनाकर रखेगा जिसके लिए एक सेंट्रलाइज नम्बर भी होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों की मदद के लिए बीएलए भी मौजूद रहेगे। यादव ने विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कांग्रेस उम्मीदवार अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनीतिक जानकारी को सोशल मीडिया, अपने क्षेत्र, कार्यकर्ता और मतदाताओं के बीच भी साझा करें, ताकि कांग्रेस उम्मीदवार के बारे में लोग चर्चा करें। दिल्ली प्रदेश प्रभारी मौहम्मद काजी निजामुद्दीन ने मौजूद कांग्रेस उम्मीदवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी जी ने मुश्किल समय में जो विश्वास आप लोगों पर जताया है, मैं कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं, मुझे दिल्ली की जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाउंगा। मैं दिल्ली में सभी कांग्रेस उम्मीदवारों की जो भी जरुरत होगी, उसे पूरा करने की कोशिश करुँगा। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को कहा कि आपके चुनाव प्रचार, राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की उपलब्धता और हर तरह की जानकारी के लिए वाररुम के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह और इनकी टीम आपकी हर संभव मदद करेगी। मैं कहना चाहता हूँ कि मेरी उपयोगिता का फायदा आप लोग उठा सकते है, हर वक्त मैं दिल्ली के लिए उपलब्ध रहूँगा। संगठन में एकजुट होकर हमें मजबूती के साथ चुनाव लड़ना होगा और अभी से तय कर ले कि हमें जीत के लिए लड़ना है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस संगठन मजबूत के साथ चुनाव लड़ेगा। सभी विधानसभाओं के लोगों और नेताओं के साथ एकजुट होकर, बूथ स्तर तक के एजेंट और कार्यकर्ताओं के साथ सम्पर्क बनाकर अपनी विधानसभा में जीत का लक्ष्य साधकर जीतने के लिए चुनाव लड़ना होगा, तभी अच्छे परिणाम सामने आऐंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 2025 विधानसभा चुनावों के लिए संगठन ने मजबूती से काम करना शुरू कर दिया है और चुनाव प्रबंधन संबधी हर तरह की तैयारियों और जानकारी के संबंध में वरिष्ठ नेता दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ और पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता प्रदेश कार्यालय में मौजूद रहेंगे। दोनो नेता वार रुम, कांग्रेस प्रत्याशियों, प्रभारी, सह-प्रभारी और केंद्रीय नेतृत्व के बीच कोऑर्डिनेशन का काम करेंगे।

यादव ने बताया कि जतिन शर्मा चुनाव संबधी और प्रदेश के सभी प्रशासनिक कार्यों के संबंध हर तरह की जानकारी के लिए उपलब्ध रहेंगे और वार रुम के चेयरमैन प्रियव्रत सिंह के साथ दो को-चेयरमैन सिद्धार्थ राव और राजेश गर्ग को को भी रखा गया है, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी पूरी टीम के साथ चुनाव के आखिरी दिन तक कांग्रेस उम्मीदवारों के सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे।

# बुराड़ीः केजरीवाल एंड पार्टी दस सालों में हुई मालामाल, जनता हुई बेहालः श्याम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में केजरीवाल सरकार के राज में दिल्ली पूरी तरह बेहाल हो चुकी है और केजरीवाल और उनके विधायक मालामाल हुए हैं। श्याम सिंह ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र में सालों से दिल्ली जल बोर्ड का पानी नहीं आ रहा है और कभी आता है तो वह इतना दूषित होता है कि उसे पीना तो दूर की बात है हाथ धोना भी मुश्किल है, तो वहीं मजबूरन गंदा पानी पीने को विवश है। ऐसे में चांदी तो टैंकर माफिया काट रहे है। श्याम सिंह ने कहा कि बिजली के बिलों में भयंकर अनियमितता है और लोगों को बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। सरकारें शिक्षा सुलभ करती हैं मगर आम आदमी पार्टी ने युवाओं के भविष्य को अंधकारमय करने के लिए गली गली ठेके खुलवा दिए। इनका शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली सब मॉडल फेल है बस शीशमहल ही इनके बेशर्मी की एक जीति जागती तस्वीर है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने से पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि भ्रष्टाचार खत्म करने आ रहे हैं। आज खुद भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था की मैं राजनीति में नहीं आऊंगा, और राजनीति में आया तो वीआईपी कल्चर खत्म करूंगा, बड़ी गाड़ी, बड़ा बंगला नहीं लूंगा। लेकिन अब शीशमहल में वीराजे है और शीशमहल भी ऐसा बनाया कि करोड़पति लोगों की कोठी भी उसके आगे झोपड़ी लगे। वैसे ही आम आदमी पार्टी के विधायक भी है जो बाहर से दिखते थे ईमानदार है, लेकिन अंदर से कूट-कूट कर बेई मानी भरी पडी है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने भी क्षेत्र में एक काम नही किया है। विकास करने की बजाए विकास के पैसे भी डकार गए। बुराड़ी के लोग अब संजीव झा के झांसे में नही आने वाले है। क्षेत्र के लोग कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी पर भरोसा दिखा रहे है व लोगों ने इस बार ठान लिया है कि वह इस बार मंगेश त्यागी को जीताकर विधायक बनाना चाहते है।

# ईस्ट ऑफ कैलाश में हुआ मुशायरे का भव्य आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश** में उर्दू अकादमी दिल्ली सरकार एवं भारतीय विकास समिति दिल्ली प्रदेश (रजि.) के सहयोग से शानदार मुशायरा आयोजित किया गया। जिसमें हिंदुस्तान के वरिष्ठ शायर जनाब मतीन अमरोही साहब की सदारत रही और विशिष्ट अतिथि शायर आदेश त्यागी (ए सी पी दिल्ली पुलिस) साहब एवं सरफराज अहमद फराज देहलवी रहे। दिल्ली एन सी आर से आए लगभग 40-45 से अधिक शायर एवं शायरा ने अपने बेहतरीन कलाम पढ़े। जिनमें अलीगढ़ से आए शायर जनाब कुमार अनुपम ,मुर्सलीन माहिर मेरठी, दिल्ली से पत्रकार एवं कवि संजय कुमार गिरि ,हापुड़ से डॉ नरेश सागर, शायर वाहिद झिंझावनी, शाहदरा से कीर्ति रत्न ,कामना मिश्रा , गाजियाबाद से शायरा तूलिका सेठ, हुमा खातून दरियागंज से शायर जावेद अब्बासी ,गोल्डी गीतकार, शायर रजनीश त्यागी, गालिब अकादमी से जनाब अकील अहमद, जफर कानपुरी ,शायर गुलफाम, शाहरा सोनिया अक्स सोनम, शैलेन्द्र पांडे शैल ,सूफी गुलफाम, हापुड़ से सुरेंद्र खंडेलवाल, आमीन अली सागर मध्यप्रदेश से आदि ने बेहतरीन कलाम पढ़े।

इस खूबसूरत मुशायरे की निजामत शायर सरफराज अहमद ने बेहतरीन अंदाज की।

## 'कैग की रिपोर्ट को छुपाकर आआपा ने अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश की'

**नई दिल्ली। विधानसभा** में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी) रिपोर्ट को दबाने का आरोप लगाते हुए सरकार से विशेष सत्र बुलाकर रिपोर्ट पेश करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) कैग रिपोर्ट को सदन में पेश नहीं कर रही। नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पार्टी कार्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर वकील सत्यरंजन साईं भी मौजूद थे।

# संस्थाओं द्वारा किया गया विरोध मार्च का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बांग्लादेशमें कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू भाइयों पर हो रहे घोर अत्याचार और बांग्लादेश सरकार के असंवेदनशील रवैये के विरोध में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (रजि) एवं पुरानी दिल्ली की सभी प्रमुख व्यापारिक संस्थाओं द्वारा शांतिपूर्ण विरोध मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों ने काली पट्टी बाँध कर भाग लिया और इन दुखद घटनाओं के प्रति अपना रोष प्रकट किया। यह विरोध मार्च चाँदनी चौक के ऐतिहासिक टाउन हॉल से शुरू हुआ और गौरी शंकर मंदिर पर समाप्त हुआ जिसमें पुरानी दिल्ली की सभी बड़ी छोटी लगभग 140 संस्थाओं के 800 व्यापारियों ने भाग लिया। इस दौरान व्यापारियों ने अपने हाथ में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिनके माध्यम से उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की। इसके पश्चात मंदिर में पूजा-अर्चना करके भगवान से इन कट्टरपंथियों और बांग्लादेश सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई ताकि वहाँ रहने वाले हिंदुओं का नरसंहार अतिशीघ्र बंद हो सके। साथ ही भारत सरकार से भी अपील की गई कि वो बांग्लादेश सरकार से उच्चतम स्तर पर वातालर्प स्थापित करे और इन मानवता विरोधी घटनाओं को तुरंत रुकवाए। इस अवसर पर जगमोहन गोटेवाला, मुकुंद मिश्रा, हेमंत गुप्ता, राकेश यादव, प्रदीप गुप्ता , नंदकिशोर बंसल, प्रेम अरोड़ा, मुकेश सचदेवा, भगवान बंसल , अजय शर्मा , बलदेव गुप्ता, परमजीत सिंहपम्मा, योगेंद्र चौधरी, राजेंद्र शर्मा, दलीप बिंदल, राजेश शर्मा ( बबला ) योगेश सिंघल , आशीष ग्रोवर, राजीव गुप्ता, बसंत गुप्ता , मनीष वर्मा, संजय जैन, दीपक मित्तल , ललित अग्रवाल , निरंजन पोद्दार, चंद्रभूषण गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, आलोक गुप्ता , नरेश गुप्ता , संजय सिंघल , भूपेंद्र सिंह, कमल पलवल, रविंद्र अग्रवाल , सुरेश भार्गव, अभिषेक गनेरीवाला, मैकी जैन, विजेंद्र अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, धीरज कौशिक, कमल कालरा, विजय सेठी, राजीव बतरा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## मंत्री भारद्वाज ने किया एम्स के निकट बने रैन बसेरे का निरीक्षण

**नई दिल्ली। दिल्ली के** शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में स्थित एम्स अस्पताल के नजदीक बने रैन बसेरे का मंगलवार को औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सौरभ भारद्वाज ने रैन बसेरे के अंदर बने एक एक कमरे में जाकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रैन बसेरे में रहने वाले लोगों को रहने, खाने और सोने की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना किया। इसके साथ ही रैन बसेरे में रह रहे लोगों से विभाग की ओर से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सौरभ भारद्वाज ने रैन बसेरे में रहने वाले लोगों को सोने के लिए मिलने वाले बिस्तर और रजाई-गद्दे की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से रैन बसेरे में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता के बारे में भी पूछताछ की। लोगों ने विभाग की ओर से दी जा रही सुविधाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। जहां कहीं कुछ छोटी-मोटी कमियां दिखाई दीं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए गए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रेन बसेरों में रहने वाले लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई कमी पाई जाती है।

# 'पुरानी गारंटी भूल, जूमलों से जनता को रिझाने में मशगूल केजरीवाल'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली पंचायत संघ** के प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए उनकी गारंटियों पर सवाल उठाए हैं।

**गारंटीयों पर स्पष्टता दें आप सरकारः** यादव ने 2025 में यमुना नदी को स्वच्छ बनाने और उसमें डुबकी लगाने की गारंटी की याद दिलाते हुए उनसे पूछा है कि एक जनवरी 2025 को दिल्ली के देहात, गांव, गरीब और किसानों के साथ वह यमुना नदी के किस घाट पर डुबकी लगवाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों को गुमराह करने के बजाय केजरीवाल को अपनी गारंटी पर स्पष्टता देनी चाहिए। कागज़ो में सिमटी हाउस टैक्स माफी गारंटीः थान सिंह यादव ने नगर निगम चुनाव 2022 के दौरान हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कहा कि आप पार्षद व पूर्व मेयर शैली ओबराय ने भी हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान किया था, लेकिन हाउस टैक्स को माफ करने की गारंटी आज तक पूरी नहीं हुई, जिससे दिल्ली के देहात और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आज भी हाउस टैक्स से परेशान हैं और केजरीवाल की चुप्पी ने ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ा दिया है।

## वक्त से पीछे चलता केजरीवाल का बिजली उपकरण बदलने का प्रस्तावः कपूर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि सत्ता के दस साल बाद आम आदमी पार्टी सरकार का कार्यालयों में बिजली उपकरण बदलने का प्रस्ताव वक्त से बहुत पीछे चलता प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने आज सरकारी कार्यालयों में बिजली बचत के लिए जो योजना दस साल की देर के बाद रखी है वह गत दस साल में दिल्ली के अधिकांश बड़े निजी क्षेत्र प्रतिष्ठानों में लागू हो चुके हैं।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि 2007 से 2022 के बीच दिल्ली नगर निगम में भाजपा प्रशासन ने इन प्रस्तावों से कहीं आगे जाकर अपने अनेक कार्यालयों एवं स्कूलों में सौर उर्जा प्लांट लगा कर बिजली खर्च तो खत्म किया ही, आय का साधन भी बनाया। इसके अतिरिक्त दिल्ली नगर निगम ने अपना पूरा स्ट्रीट लाइट नेटवर्क एल.ई.डी. करके बिजली बिल दो तिहाई तक कम किया है तो दिल्ली पुलिस ने अनेक थाना भवनों, कार्यालयों एवं ट्रैफिक लाइट नेटवर्क आदि को सौर उर्जा से जोड़ कर किफायत लाई है।

# बुराड़ीः संजीव झा ने जनता को विकास से वंचित रखाः बृजेश राय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के कार्यालय मंत्री बृजेश राय ने कहा है कि विधायक संजीव झा ने गत दस साल में बुराड़ी विधानसभा को विकास से वंचित रखा है और आज फिर उसका एक नमूना सामने आया है। बृजेश राय ने कहा है कि बुराड़ी दिल्ली के सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्रों में से एक है जहां केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल के दावों की विफलता साफ दिखती है।

**अपने मुहं मियां मिट्ठु बन बैठी सीएम अतिशीः** बुराड़ी की अधिकांश आबादी गरीब या निम्न आय वर्ग की है जो निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ा नही सकते पर यहां दिल्ली सरकार के जो स्कूल हैं उनमे विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ाने की गम्भीर व्यवस्था नहीं की जा रही है। ना नये स्कूल खुले हैं ना दिल्ली के इस उत्तर पूर्व क्षेत्र में कोई कालेज खोला गया है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने बुराड़ी के मुकुंदपुर में एक पुराने सरकारी स्कूल में एक नये कक्ष का उद्घाटन करते हुए खुद की पीठ ऐसे थपथपाई मानों बुराड़ी को कोई नया स्कूल दे दिया हो।

मुख्यमंत्री ने भूगोल लैब को लेकर प्रसन्नता जाहिर की जबकि क्षेत्र के बच्चे रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं भौतिकी की लैब के इंतजार में बेताब हैं। बृजेश राय ने कहा है काश सुन्दर भवन बनाने पर ध्यान देने के साथ ही आप सरकार मुकुंदपुर स्कूल में ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा में विज्ञान एवं कॉमर्स पढ़ाने पर ध्यान देती।

# झीमर कॉलोनीः जनता में जनप्रतिनिधियों को लेकर भारी आक्रोशः मनोज शर्मा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बादली विधानसभा क्षेत्र** में भाईजी फाउंडेशन के संस्थापक मनोज शर्मा द्वारा आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद और विधायक के खिलाफ प्रदर्शन और नंगे पैर पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन वार्ड-18 के झीमर कॉलोनी में किया गया। शर्मा ने बताया कि झीमर कॉलोनी जो कि 15 साल पहले बसाई गई थी, वहां पर अभी तक जनता रोड, नाली सीवर आदि बुनियादी जरूरतों के लिए लड़ रही है। वहीं कुछ ऐसी कॉलोनी भी हैं जहां जनप्रतिनिधियों और उनके रिश्तेदारों की बड़ी-बड़ी कोठियां है जो अभी हाल में ही बसाई गई हैं लेकिन उन कालोनी में सारे काम किए जा चुके हैं। श्री शर्मा का यह भी कहना है कि जनता के साथ यह पक्षपात क्यों किया जा रहा है। साथ में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूरे वार्ड में एमएलए फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है। जिस जनता ने उन्हें विधायक बनाकर दो बार विधानसभा भेजा, लेकिन झीमर कॉलोनी की गरीब जनता को क्या मिला। साथ ही उन्होंने विधायक और निगम पार्षद को चुनौती दी है कि अगर वो इस कॉलोनी में काम नहीं करवायेंगे तो हम हाई कोर्ट का रुख करेंगे।

# न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही गिरावट, जल्द तेवर दिखाएगी सर्दी

लोकेश चौधरी

**मथुरा। जनपद** में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है, ऐसी स्थिति में सर्द हवाओं के चलने के कारण ठंड का प्रकोप और भी बढ़ने की सम्भवना बनी रहती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ठंड, पाला, घनें कोहरे से बचाव की तैयारी के लिये एडवाइजरी जारी की है। रात्रि में बंद कमरे में परिवार के साथ अंगीठी जलाकर न सोये। बंद कमरें में अंगीठी जलानें से जहरीली गैस बननें तथा दुर्घटना हाने का खतरा बना रहता है। बच्चो को जलते हुये अलाव के पास अकेला न छोडे व आग को पानी डालकर अवश्य बुझायें।



घर में पानी गर्म करतें समय भी बच्चो का विशेष ध्यान रखें। कोहरे में वाहन तेजी से ना चलायें। ठंड, पाला और घने कोहरे से बचाव के लिए, पर्याप्त सर्दियों के कपड़े स्टॉक करें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती हैं। बच्चों को अच्छी तरह ऊनी कपडों से ढक कर रखें एवं बुजुर्गों पर विशेष ध्यान दें। भारी कपड़ों की एक परत के बजाय ढीले ढाले, हल्के वायुरोधी गर्म ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें। टाइट कपड़े ब्लड सकुर्लेशन को कम करते हैं। ठंड से बचाव के लिये जनपद में विभिन्न स्थानो पर तहसील, नगर पालिका, नगर पंचायत के द्वारा दैनिक रूप से जलाये जा रहे अलाव का सहारा लिया जा सकता हैं। जिसका जिला व तहसील स्तरीय उच्चाधिकारियों के द्वारा निरंतर रात्रि के समय निरिक्षण किया जा रहा हैं। शीतलहर, ठंड के दृष्टिगत निराश्रित एवं गरीब व्यक्तियो से अनुरोध किया गया है कि व सुरक्षा के लिये जनपद में नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरो का सहारा लें। रेन बसेरो में आंगुतकों को समस्त मूल भूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जिला व तहसील स्तरीय उच्चाधिकारियों द्वारा नियमित रात्रि के समय निरिक्षण किया जा रहा हैं। कोहरे के दौरान वाहन धीरे चलाये, इंडिकेटर लाइट एवं हेलमेट का उपयोग एवं नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर लगायें, जिससें घनें कोहरें में वाहनों के मध्य उचित दूरी बनी रहे तथा दुर्घटना न हो पायें। शरीर के तापमान का संतुलन बनाए रखने के लिए स्वस्थ भोजन करें। पर्याप्त प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाए। नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ पिएं, क्योंकि इससे सर्दी से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी।

# साथी के लिए एकजुट हुए ग्राम प्रधान, लगाया शोषण का आरोप

लोकेश चौधरी

**मथुरा। महावन** तहसील की विकास खंड बलदेव की ग्राम पंचायतें के प्रधानों का आरोप है कि उनका शोषण किया जा रहा है। जिसकी गुहार प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को महावन तहसील पहुँचकर लगाई। एक ज्ञापन तहसीलदार महावन सुशील कुमार गुप्ता को दिया। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बलदेव ब्लाक अध्यक्ष योगेश गौतम ने कहा कि पुलिस एवं अन्य अधिकारियों द्वारा प्रधानों का शोषण किया जा रहा है। प्रधानों का उत्पीड़न स्पष्ट दिखाई दे रहा है उन्होंने कहा अगर झूठे मुकदमे की जांच सही तरीके से नहीं कराई गई तो प्रधान संगठन आंदोलन को बाध्य हो जायेगा। जिसकी




जिम्मेदारी स्वयं शासन प्रशासन की होगी। प्रधान संगठन मंगलवार को दोपहर बाद एसडीएम महावन आदेश कुमार से मिलने पहुंचे लेकिन एसडीएम महावन तहसील में उपस्थित नहीं होने के कारण प्रधान संगठन ने ज्ञापन महावन तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता को सौंप दिया। इस दौरान हेमेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, जयवीर सिंह, नीरज कुमार, विकास कुमार,शिव सिंह, राधेश्याम, अमर सिंह, गिरवर सिंह विपिन कुमार, बृजकिशोर, किशन लाल, भगवान दास, विशाल गर्ग, सोनू आदि प्रधान मौजूद थे। तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता ने बताया प्रधान संगठन द्वारा ज्ञापन दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बी टॉक ने 25वें हॉर्नबिल फेस्टिवल में किया सबको प्रभावित

**गुरुग्राम।** प्रतिष्ठित हॉर्नबिल फेस्टिवल का 25वां संस्करण अभूतपूर्व उत्साह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें नागालैंड के किसामा हेरिटेज विलेज ने रिकॉर्ड तोड़ 2.5 लाख लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। स्वास्थ्य और स्वच्छता में वैश्विक लीडर रैकिट द्वारा एक परिवर्तनकारी जीवन कौशल प्रोग्राम, ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बी टॉक (टीबीबीटी) ने फेस्टिवल के आधिकारिक हेल्थ पार्टनर के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई। यह प्रोग्राम अपने अनूठी पहलों के माध्यम से कंसेंट पर एक प्रभावशाली परिचर्चा का आयोजन कर रहा है। इस साल, ड्यूरेक्स टीबीबीटी ने एशिया का पहला कंसेंट कैफे लॉन्च कर एक इतिहास बनाया। इस कैफे का उद्घाटन श्री अनूप खिन्वी (आईएएस), कमिश्नर और सेक्रेटरी, हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर और श्री थवासीलन के (आईएएस), प्रिंसिपल डायरेक्टर, स्कूल शिक्षा और सीईओ, स्टेट हेल्थ अथॉरिटी ने किया। इस अवसर पर कैफे में श्री टी आर जेलियांग, उप मुख्यमंत्री, प्लानिंग और ट्रांसफॉर्मेशन, और श्री जी इक्रूटो, एडवाइजर, लैंड रिसोर्सेस भी उपस्थित थे। गौरव जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, रैकिट–साउथ एशिया, ने कहा, ड्यूरेक्स में, हम दृढ़ता से यह मानते हैं कि ज्ञान ही सशक्तिकरण की नींव है। 25वां हॉर्नबिल फेस्टिवल विरासत, रचनात्मकता और समाज का एक शानदार उत्सव था। ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बी टॉक के माध्यम से, हमें एशिया के पहले कंसेंट कैफे, डॉ. रेक्सपर्ट और रैप एल्बम जैसे अभिनव प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर बदलावकारी बातचीत शुरू करने पर गर्व है। ये पहलें स्थायी सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए संगीत, कला और संस्कृति की ताकत को रेखांकित करती हैं। हम सार्थक प्रभाव डालने और युवाओं के लिए एक उज्जवल, अधिक सूचित भविष्य को आकार देने में समर्थन देने के लिए नागालैंड सरकार के बहुत आभारी हैं।



### महिला लीडर्स ने अपनी सीमाओं को पुनः किया परिभाषित

**गुरुग्राम।** एडलगिव फाउंडेशन की पहल, स्त्री लीड्स, ने लीप.क्लब के सहयोग से, दिल्ली–एनसीआर में अपनी लीडरशिप डायलॉग श्रृंखला के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। मुंबई में उद्घाटन समारोह की सफलता के आधार पर, इस संस्करण ने ह्वना कहने की ताकतह्न पर एक विचारोत्तेजक चर्चा पर प्रकाश डाला – यह उन सामाजिक और पेशेवर बाधाओं को संबोधित करने वाला एक जरूरी संवाद कार्यक्रम है, जिनका सामना महिलाओं को अपनी सीमाओं से परे जाने के समय सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम का आयोजन 14 दिसंबर (शनिवार) को शाम 4 बजे से 6 बजे तक, द कोरम क्लब, टू होरीजन सेंटर, गुरुग्राम में किया गया। लीडरशिप डायलॉग के बारे में बोलते हुए, नगमा मुल्ला, सीईओ, एडलगिव फाउंडेशन, ने कहा, ह्वलीडरशिप की अपनी यात्रा में महिलाओं को कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें से कई सामाजिक मानदंडों और अपेक्षाओं में गहराई से निहित हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, एडलगिव फाउंडेशन ने लीप.क्लब के सहयोग से मुंबई, दिल्ली–एनसीआर और बेंगलुरु में तीन लीडरशिप डायलॉग्स की एक श्रृंखला शुरू की है। इन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक रुकावटों का सामना करना है, जो अक्सर महिलाओं को अपनी प्राथमिकताओं और सीमाओं की कीमत पर ह्वहांह्न कहने के लिए मजबूर करता है। इन सीमाओं की अनदेखी करने को बढ़ावा देकर, श्रृंखला महिलाओं के लिए अपनी लीडरशिप यात्रा को फिर से परिभाषित करने का रास्ता प्रशस्त करती है। इस पहल के माध्यम से, लीडरशिप डायलॉग श्रृंखला उन महत्वपूर्ण मुद्दों को भी संबोधित करती है, जिनका सामना महिलाओं को लीडरशिप की सीढ़ी पर चढ़ते समय करना पड़ता है, जो उनके विकास और सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। यह मंच एक ऐसा स्थान बनाना चाहता है, जहां महिला लीडर्स मौजूदा मानदंडों को चुनौती दे सकें, अपनी भूमिका को पुनः परिभाषित कर सकें और अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत भविष्य का निर्माण कर सकें।




### राया में खाद्य विभाग का लाइसेंस पंजीकरण शिविर का आयोजन आज

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार को कस्बा राया के सादाबाद मार्ग राधिका गार्डन में निशुल्क खाद्य लाइसेंस पंजीकरण शिविर का आयोजन सुबह दस बजे से किया जायेगा जिसमे हॉकर की श्रेणी में आने वाले ढकेल चलती फिरती दुकान सब्जी फल चाट पकोड़ी खोमचे रेहड़ी मोबाइल फूड वेंडर्स दुकानदार व्यापारी फोटो आधारकार्ड लेकर शिविर में निःशुल्क खाद्य लाइसेंस जारी कर प्रमाण पत्र, पहचान पत्र निर्गत किया जायेगा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने व्यापारियों से शिविर में पहुचकर इस अवसर का लाभ उठा सकते है। बाद में निरीक्षण के दौरान

# दाऊजी मंदिर के सेवा सदन का जिलाधिकारी ने किया लोकार्पण

## भागवत भवन के द्वितीय तल पर जीडीएक्स ग्रुप ने बनाए हैं आठ कमरे, मंदिर में आने वाले यात्रियों को मिलेगा लाभ

लोकेश चौधरी

**मथुरा। स्थानीय निवासी** स्व.प्रेमवती पाण्डेय व स्व.पंडित केशव देव पांडेय की पुण्य स्मृति में दाऊजी मंदिर बारहद्वारी स्थित भागवत भवन के द्वितीय तल पर आठ कमरों का निर्माण उनकी पुत्री मालती शर्मा व जीडीएक्स ग्रुप के अध्यक्ष महेश शर्मा द्वारा कराकर सेवा सदन के रूप में दाऊजी महाराज मंदिर बलदेव को सेवार्थ समर्पित किया गया। जिसका लोकार्पण जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने शिला पट्टिका का अनावरण व फीता काटकर किया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने



कहा कि दाऊजी मंदिर में आने वाले यात्रियों के लिए सुविधा का ध्यान में रखते हुए कमरों का निर्माण कराया गया है, जिसका



लाभ आने वाले तीर्थ यात्रियों को मिलेगा। बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज ने कहा कि धर्मशालाएं सभी वर्गों के काम आती है। धर्मशाला का निर्माण एक पुण्य का कार्य है। भागवत भवन पर महेश शर्मा द्वारा कराए गए नवीन 8 कक्षों के निर्माण होने से लोगों को लाभ मिलेगा। समाज सेविका मालती शर्मा ने कहा कि मंदिर में दर्शनार्थियों की दिनों दिन संख्या बढ़ती जा रहीं है लेकिन उनके ठहरने की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए हमने यहां यात्रियों के लिए एक धर्मशाला बनाने की सोची और अपने माता पिता की स्मृति में आधुनिक सुसुविधा के अनुकूल निर्माण करा कर दाऊजी महाराज मन्दिर को कमरों को समर्पित कर दिया हैं ,जिससे लोग लाभान्वित हो सकें। जीडीएक्स ग्रुप के अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाने के लिए अपने निजी उपार्जित धन से कमरों का निर्माण कराया गया है। अनुराग शर्मा व हर्षवर्धन शर्मा ने संयुक्त रूप से श्री दाऊजी महाराज को दिव्य श्रृंगार पोषक धारण करा कर ठाकुर जी की आरती की। इस अवसर पर निहारिका शर्मा, पूर्व चेयरमैन कमल पांडेय, गणेश पाण्डेय, सतेंद्र पाण्डेय, शैलेन्द्र गुप्ता, हेमंत पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, शिवम पांडेय, आदि उपस्थित रहे।

# अनाथ बच्चों को बांटे सर्दियों के कपड़े

टीम एक्शन इंडिया

**मथुरा। समाज** सेवा के प्रति अपने समर्पण को दर्शाते हुए मातृ शक्ति विश्व हिंदू महासंघ मथुरा ने अनाथ बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन कर उनको सर्दियों के बचाव के लिए गर्म कपडे.बांटे। बच्चे गर्म कपडे.पाकर खुशी से झूम उठे। इनकों पदाधिकारियों ने फल व मिठाई भी वितरित की गई। वात्सल्य ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मनोरंजक गतिविधियों में सहभागिता की गई। बच्चों ने कहानियां सुनने वाले खेलों में भाग लेने और रचनात्मक गतिविधियों जैसे ड्राइंग और पेंटिंग का आनंद उठाया। संगठन के प्रवक्ता नम्रता गुप्ता ने कहा कि अनाथ बच्चों को ना केवल प्यार



और अपनापन देना हमारा उद्देश्य है बल्कि उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। ठंड के इस मौसम में गर्म वस्त्र उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं कार्यक्रम में सुनीता दानी,अंजना, सोनिया, पिंकी, नुपूर, सिमलेश, भारती, बीना, सरोज, पारूल, रागिनी, लविता, नीलम, सुचि, अलका, कोमल, अर्पणा, मोहिनी, इला, सुधा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

### उप्र में कमजोर हुई शीतलहर, बढ़ा कोहरा

**कानपुर: बंगाल** की खाड़ी से आ रही नम हवाएं यानी पूर्वी हवाओं से उत्तर प्रदेश के मौसम का मिजाज बदल गया। एक तरफ जहां तापमान में बढ़ोतरी हो गई तो वहीं शीतलहर कमजोर हो गई। वहीं नम हवाओं से वातावरण में कोहरा बढ़ गया है। मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं की दिशाएं आज पछुआ फिर हो गई हैं, लेकिन पूर्वी हवाओं का असर अभी एक दो दिन बरकरार रहेगा और लोगों को शीतलहर से राहत मिलेगी। 'चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

# फ्लिपकार्ट ने एनसीईआरटी से मिलाया हाथ





टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स** मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस गठजोड़ का उद्देश्य छात्रों एवं शोधार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, फ्लिपकार्ट की व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए देशभर में एनसीईआरटी की पुस्तकों की किफायती एवं सुगम पहुंच सुनिश्चित करना है। विशेषरूप से टियर 2 एवं टियर 3 शहरों के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। इस गठजोड़ के तहत फ्लिपकार्ट अपने ऑनलाइन मार्केटप्लेस के माध्यम से एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की बिक्री सुनिश्चित करेगा। इससे एनसीईआरटी द्वारा अधिकृत सेलर्स के माध्यम से पुस्तकों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी और फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, ह्वप्रगति के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है और देशभर के लाखों छात्रों के लिए शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए एनसीईआरटी से गठजोड़ पर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। टेक्नोलॉजी के मामले में अपनी विशेषज्ञता एवं व्यापक पहुंच का लाभ लेते हुए हमारा उद्देश्य किफायती शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच की कमी को दूर करना है। ऐसा करते हुए हम सशक्त एवं शिक्षित युवा बनाने के देश के लक्ष्य में अपना योगदान देने में सक्षम होंगे। इस मौके पर भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, ह्वएनसीईआरटी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे लोग

लोकेश चौधरी

**मथुरा। नगर निगम** में मंगलवार को जनसुनवाई हुई। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में एवं वृंदावन में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 13 शिकायत प्राप्त हुयी, जिसमे सात शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर



तत्काल करा दिया गया शेष लंबित 6 शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में रामजी लाल अपर नगर आयुक्त, राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, मो. अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेंद्र गौतम मुख्य अभियंता प्रभारी सिविल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गोपाल गर्ग, नरेंद्र यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**प्राप्त हुई**

▶▶ कुल 13 शिकायत प्राप्त हुयी, जिसमे सात शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) को जसोला विहार, नई दिल्ली में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और जसोला विहार के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक के देश भर में 1008 बैंकिंग आउटलेट और नई दिल्ली राज्य में 34 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष



स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, "जसोला विहार में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट नई दिल्ली में हमारे नेटवर्क को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने समृद्ध इतिहास और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए जाना जाने वाला जसोला विहार राजधानी का एक अभिन्न अंग है।

# घाघरा–गोमती दोआब की विलुप्त नदियों का होगा भू- पुरातत्वीय अध्ययन

टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर: वीर** बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में मंगलवार को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के भू, पुरातत्व एवं पुरावनस्पति वैज्ञानिकों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय,वराणसी द्वारा प्रायोजित इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनांस परियोजना के अंतर्गत एक बहु-विषयक शोध पर चर्चा की गयी। इस बैठक में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्राचीन इतिहास विभाग की प्रो. पुष्पलता सिंह, भौमिकी विभाग के डॉ. आलोक कुमार, पूर्वांचल विश्वविद्यालय भू एवं ग्रहीय विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज अवस्थी, बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान, लखनऊ के युवा वैज्ञानिक संध्या मिश्रा, सविता अवस्थी तथा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधार्थी शामिल हुए। प्रो. पुष्प लता सिंह ने कहा कि इस शोध परियोजना में घाघरा-गोमती दोआब की विलुप्त नदियों का भू- पुरातत्वीय अध्ययन किया जायेगा। घाघरा-गोमती दोआब क्षेत्र में कई निष्क्रिय नदियां व धाराएं है, जो पूरी तरह तलछट से भर चुकी हैं और जिसमें जल का प्रवाह बहुत काल से बन्द हो चुका है।

# भारतीय नौसेना और जावा येजदी मोटरसाइकिल्स ने रचा इतिहास

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा।** "राइड ऑफ द मरकर्स" मोटरसाइकिल रैली 11 दिसंबर को शानदार तरीके से समाप्त हुई। जैसे ही इस काफिले ने भारत के सबसे लंबे पुल अटल सेतु को पार किया, ऐसा करने वाला यह पहला समूह भी बन गया। इस रिकॉर्ड बनाने वाली राइड ने न सिर्फ भारतीय नौसेना और जावा येजदी मोटरसाइकिल्स के लिए एक मील का पत्थर स्थापित किया, बल्कि जावा, येजदी और बीएसए मोटरसाइकिल ब्रांड्स को इस अद्वितीय उपलब्धि को हासिल करने वाला पहला भारतीय ब्रांड भी बना दिया।अटल सेतु समुद्री पुल को पार करना अपने आप में एक उपलब्धि है। आमतौर पर मोटरसाइकिल चालकों के लिए अटल सेतु से ड्राइव करना प्रतिबंधित है, ऐसे में भारत के मोटरसाइकलिंग और इंजीनियरिंग इतिहास में यह एक ऐतिहासिक क्षण है। यह आयोजन भारतीय सशस्त्र बलों और इन प्रतिष्ठित मोटरसाइकिल ब्रांड्स की नवाचार और साहसिक भावना को उजागर करता है। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन और क्लासिक लेजेंड्स के सह-संस्थापक आनंद महिंद्रा ने कहा, अटल सेतु पर जावा, येजदी और बीएसए मोटरसाइकिलों के समूह को गर्व के साथ देखना बेहद प्रेरणादायक है। यह स्वदेशी रूप से निर्मित मशीनों के लिए उपयुक्त है कि वे भारतीय नौसेना के साथ राइड ऑफ द मरकर्स में साझेदारी कर रही हैं और भारत के समुद्री इतिहास को सम्मानित कर रही हैं।भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में 22 मोटरसाइकिलों का यह काफिला वेस्टर्न नेवल कमांड, सेना और वायु सेना के प्रतिनिधियों के साथ रवाना हुआ था।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 दिसंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## कांग्रेस नेता फिलीस्तीन का बैग लेकर घूम रहीं: सीएम

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सीएम योगी ने बिना नाम लिए प्रियंका गांधी वाड्रा पर साधा निशाना

**सरकार का पक्ष**

**▸▸ विपक्षी सदस्यों को दिया सरकार की योजनाओं और नीतियों के विषय में अध्ययन का सुझाव**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को अपने वक्तव्य के दौरान कई बार विपक्षी सदस्यों पर करारे कटाक्ष किए। उन्होंने बिना नाम लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल कांग्रेस की एक नेता संसद में फिलीस्तीन का बैग लेकर घूम रही थीं और हम यूपी के नौजवानों को इजराइल भेज रहे हैं। सीएम योगी यहीं नहीं रुके। उन्होंने विपक्षी सदस्यों को सरकार की योजनाओं और नीतियों को समझने का भी सुझाव दिया।


बोले- प्रदेश के नौजवानों के हितों के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। विपक्ष के सदस्य यदि सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में समझकर अपने क्षेत्र में कार्य करेंगे तो उनके क्षेत्र के नौजवानों का ही भला होगा और उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा, नहीं तो वही होगा जो कुंदरकी में हुआ है।

**विपक्ष का काम सिर्फ नकारात्मक नहीं हो सकता**
सीएम योगी बोले, हमें उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है। सदन में कुम्भ पर भी चर्चा होगी और मुझे लगता है कुम्भ हमारे लिए एक अवसर होगा उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर शोकेस करने का, लेकिन इसके लिए अच्छा बोलना और सोचना पड़ेगा। नकारात्मकता को हटाना पड़ेगा। विपक्ष का मतलब नकारात्मक नहीं हो सकता है। विपक्ष का मतलब हर चीज में बुराई करना नहीं हो सकता है। कुछ अच्छा भी करिए, अच्छा सोचिए, अच्छी दिशा में चलिए, अच्छी दिशा में चलेंगे तो आगे अच्छा ही देखने को मिलेगा, लेकिन अगर नकारात्मक दिशा में चलेंगे तो एक तरफ कुआं और एक तरफ खाई ही मिलेगी। नकारात्मकता किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सीएम ने विपक्ष के सदस्यों से आग्रह किया सदन में आकर मुद्दों को रखें, लेकिन तथ्यों के साथ रखेंगे तो उनकी गरिमा और सम्मान बढ़ेगा। उनके मुद्दे उचित, लेकिन तथ्यहीन-अपुष्ट थे।

**दुनिया मान रही यूपी के नौजवानों की स्किल : सीएम**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के अब तक लगभग 5,600 से अधिक नौजवान इजराइल में निर्माण कार्य करने गए हैं। हर नौजवान को वहां रहने और खाने की निःशुल्क सुविधा के साथ डेढ़ लाख रुपए अतिरिक्त मिल रहे हैं। उन्हें सुरक्षा की भी पूरी गारंटी है। अभी इजराइल के राजदूत आए थे। उन्होंने कहा कि हम यूपी के और भी नौजवानों को ले जाना चाहते हैं, क्योंकि यहां का नौजवान अच्छा कार्य कर रहा है। उसकी स्किल की ताकत को आज दुनिया मान रही है। जब वो नौजवान ये डेढ़ लाख रुपये अपने घर भेजता है तो प्रदेश के ही विकास में योगदान देता है। हमें उन नौजवानों का अभिनंदन करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 1947 में जब देश आजाद हुआ था तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भारत की एवरेज प्रति व्यक्ति आय से अधिक थी और 2017 में जब हमें सत्ता प्राप्त हुई थी, तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भारत की प्रति व्यक्ति आय की एक तिहाई रह गई थी। आज हम उसे दोगुना करने में सफल हुए हैं। मेरा मानना है कि अगले 5 साल के अंदर उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय फिर से भारत की प्रति व्यक्ति आय से अधिक होगी। प्रदेश की वर्तमान वृद्धि दर इसी दिशा में संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीयत साफ है, नीतियां बहुत स्पष्ट है। सरकार प्रदेश के हर नौजवान के हित को लेकर पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से कार्य कर रही हैं।

## योगी सरकार में कानून व्यवस्था सबसे मजबूत, विपक्ष को करारा जवाब



**पेश किए आंकड़े**

**▸▸ विपक्ष द्वारा गलत आंकड़े पेश करने पर मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में दिया करारा जवाब**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः यूपी** विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विपक्ष द्वारा महिला हिंसा और उत्पीड़न के मुद्दे पर गलत आंकड़े पेश करने पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में कानून व्यवस्था सबसे मजबूत हुई है। पिछले साढ़े सात वर्षों में यूपी में महिला समेत हर प्रकार के अपराध में गिरावट दर्ज की गई है। अपराधियों को सजा दिलाने में भी प्रदेश सरकार सबसे ज्यादा सफल हुई है। उन्होंने विपक्ष के सवालों को जवाब देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 से 30 नवंबर के बीच 1090 वीमेन पावर लाइन पर 4,18,504 शिकायतें दर्ज की गईं। इसमें 4 लाख 9 हजार 912 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसका रेश्यो 97.95 प्रतिशत है। वहीं पेंडिंग 8,592 मामलों के निस्तारण के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**दहेज मृत्यु के मामलों में गिरावट**
कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि दहेज मृत्यु के मामले में भी लगातार कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2017 में 2524 मामले सामने आए थे। 1 जनवरी 2024 से 31 अक्टूबर तक इस पर 1418 केस दर्ज किए गए। वर्ष 2023 में दहेज मृत्यु की 2061 घटनाएं दर्ज की गईं।

उन्होंने कहा कि अपराधियों को सजा दिलाने की बात है तो सरकार ने जितनी तेजी से प्रॉसिक्यूशन को मजबूत करते हुए कन्विक्शन कराया है। अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार के इतिहास में किसी की सरकार ने नहीं किया।

**अपराधों पर सजा दिलाने में योगी सरकार अव्वल**
संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पॉक्सो एक्ट में 2017 में 415 लोगों को सजा हुई। वहीं 2018 में 631 लोगों को सजा हुई। वर्ष 2019 में 665 और 2020 में 535 और 2021 में 1230, 2022 में 2313 और 2023 में 2841 और अभी इस वर्ष 1 जनवरी से 15 दिसंबर तक 2440 लोगों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की गई।

**फास्ट न्यूज**

### भोपाल में आग का गोला बनी कार

**भोपालः** राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना क्षेत्र में मंगलवार को सड़क किनारे खड़ी एक मारूति वैन में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार में ब्लास्ट हो गया। धमाके से वैन के टुकड़े लगभग 40 से 50 फीट हवा में उड़े।सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ऐशबाग थाना क्षेत्र में फातिमा बी की मस्जिद के पास मंगलवार दोपहर को एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कार में ब्लास्ट हो गया। धमाके से कार के टुकड़े करीब 40 से 50 फीट हवा में उड़े। ब्लास्ट की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जानहानि नहीं हुई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

### छगन भुजबल अपमानजनक व्यवहार से नाराज

**मुंबईः** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अजीत पवार गुट में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने पार्टी में निर्णय प्रक्रिया को लेकर नाराजगी दिखाते हुए मंगलवार को पार्टी छोड़ने का संकेत दिया है। छगन भुजबल ने कहा कि मंत्री पद न मिलने से वे नाराज नहीं हैं, बल्कि पार्टी में उनके साथ जो अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है, उससे वे दुखी हैं।

## अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में मध्य प्रदेश ने बनाया गिनीज विश्व रिकॉर्ड

### भगवद्गीता की अजरामर शिक्षा के प्रसार को तथा सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु किया गया

**कीर्तिमान**

**▸▸ राज्य ने एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदू ग्रन्थ पठन के लिए गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपालः अध्यात्मिकता** और संस्कृति को मनाने के एक अनुठे अवसर पर मध्य प्रदेश के संस्कृति विभाग के द्वारा भोपाल में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ने बुधवार को एक ही समय पर सबसे बड़े हिंदू ग्रन्थ पठन के लिए गिनीज विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। इस पहल का आयोजन भगवद्गीता की अजरामर शिक्षा के प्रसार को तथा मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु किया गया। बड़े कार्यक्रमों और कीर्तिमान स्थापन करने की पहलों के के मशहूर सलाहकार निश्चल बरोट की अगुवाई में इस गिनीज विश्व कीर्तिमान का आयोजन किया गया तथा उस पर क्रियान्वयन किया गयो उनके परिपूर्ण समन्वयन से यह महत्त्वाकांक्षी पहल आसानी से क्रियान्वित की जा सकी और मध्य प्रदेश को वैश्विक मान्यता मिली। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्ष थे और इस कार्यक्रम में एक भगवद्गीता के वचनों का एक ही समय पर अविश्वसनीय पैमाने पर 3,721 सहभागियों ने साथ मिल कर पठन कियो इस समारोह में सभी क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न लोग भारत की अध्यात्मिकता की परंपरा पर होनेवाली अपनी श्रद्धा के साथ सम्मीलित हुए। यह उल्लेखनीय उपलब्धी मध्य प्रदेश के लिए सम्मान की बात है तथा जागतिक स्तर पर भगवद्गीता की सीखावन के प्रसार और उसे बनाए रखने के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता इससे स्पष्ट होती है।

## मुख्यमंत्री धामी से बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में बार एसोसिएशन देहरादून के अध्यक्ष राजीव शर्मा, सचिव राजबीर सिंह बिष्ट एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के चेम्बर्स के निर्माण के लिए सहयोग की मांग की। इसके अलावा एसोसिएशन ने एमडीडीए में प्रस्तुत मानचित्र में विकास शुल्क को माफ करने का भी अनुरोध किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने मुख्यमंत्री से कहा कि एसोसिएशन के अधिकांश सदस्य युवा अधिवक्ता हैं, जो विभिन्न जनपदों से आकर देहरादून में अधिवक्ता व्यवसाय में कार्यरत हैं। इनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे भवन निर्माण से संबंधित खर्चों में पूर्ण रूप से योगदान कर सकें। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के सदस्य अपने पेशेवर जीवन के शुरूआती चरण में हैं और उनके लिए एक स्थायी चेम्बर का निर्माण करना कठिन है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका समाधान निकाले जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए तत्पर है और वे इस विषय में सकारात्मक पहल करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दीवानी न्यायालय परिसर के विकास और अधिवक्ताओं के चेम्बर्स के निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र का भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदानः सिंधिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मंगलवार को मुंबई में कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र का भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर भारत में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है, जिससे यहां निवेश की संभावनाएं बढ़ीं है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) ने मुंबई में मंगलवार को पूर्वोत्तर व्यापार और निवेश रोड शो की मेजबानी की। शीर्ष भारतीय शहरों में रोड शो की एक साल की श्रृंखला के बाद मुंबई में रोड शो ने भारत के आर्थिक केंद्र से जबरदस्त ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के मुख्यमंत्रियों के प्रधानमंत्री के नेतृत्व को स्वीकार किया, जिनके दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता ने पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं।

## हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से 14 दिन के भीतर मांगा जवाब



**सुनवाई**

**▸▸ जिला पंचायतों में निवर्तमान जिला पंचायतों के अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त करने के खिलाफ दायर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीतालः हाईकोर्ट ने जिला पंचायतों में निवर्तमान** जिला पंचायतों अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को 14 दिन के भीतर शपथपत्र पेश कर यह बताने को कहा है कि जिला पंचायतों का चुनाव कराने का कार्यक्रम क्या है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार ऊधमसिंह नगर के निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सरकार के आदेश को चुनौती दी थी। राज्य सरकार ने 30 नवम्बर 2024 को एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि चुनाव न होने तक जिला पंचायतों में निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक बनाने का निर्णय लिया है। जबकि ऊधमसिंह नगर जिला पंचायत में निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रशासक नियुक्त किया कर दिया है। याचिका में कहा कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में वर्ष 2010 में सहमति पत्र देकर कहा था कि प्रदेश में बड़े स्तर पर प्रशासकों की तैनाती नहीं की जाएगी। जबकि उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है।

## मार्स वेटरिनरी हेल्थ का क्राउन वेटरिनरी सर्विसेज में निवेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः क्राउन** वेटरिनरी सर्विसेज (क्राउन वेट) ने आज घोषणा की कि मार्स वेटरिनरी हेल्थ ने भारत के पशु चिकित्सा क्षेत्र में अल्पसंख्यक निवेश के माध्यम से प्रवेश किया है। लगभग 90 वर्षों से पालतू जानवरों की देखभाल में अनुभव रखने वाले मार्स वेटरिनरी हेल्थ ने पिछले 30 वर्षों से पशु चिकित्सा सेवाओं में अपनी विशेषज्ञता स्थापित की है।

यह सहयोग क्राउन वेट की भारत में मजबूत उपस्थिति के साथ मिलकर पशु चिकित्सा सेवा को और बेहतर बनाएगा। भारत के पांच शहरों–मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे–में फैले अपने आठ क्लीनिकों के नेटवर्क के साथ, क्राउन वेट अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जाना जाता है।


इस निवेश के माध्यम से, क्राउन वेट अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा और अपने 240 कर्मचारियों, जिनमें 60 पशु चिकित्सक शामिल हैं, के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा।




एमपी में कांग्रेस विधायक कटोरा लेकर पहुंचे विधानसभा, सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी।

## दो साल में दोगुनी हुई एचपीएमसी के सीए स्टोर की भंडारण क्षमताः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः हिमाचल प्रदेश** बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) की नियंत्रित वातावरण भंडारण (सीए स्टोर) क्षमता को पिछले दो वर्षों के दौरान दोगुना किया गया है। राज्य में सात सीए स्टोर में कुल भंडारण क्षमता वर्ष 2023 से पहले 3380 मीट्रिक टन थी जिसे सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अब बढ़ाकर 8260 मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में बागवानों और किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सीए स्टोर की क्षमता में वृद्धि इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इससे बागवानी क्षेत्र से जुड़े हजारों परिवार लाभान्वित होंगे। अब बागवानों को ऑफ-सीजन के दौरान अपनी उपज के बेहतर दाम मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से एचपीएमसी बुनियादी अधोसंरचना को विस्तार प्रदान कर रही है। इस कड़ी में गुम्मा सीए स्टोर की क्षमता 640 मीट्रिक



टन से बढ़ाकर 2017 मीट्रिक टन कर दी गई है और जरोल-टिक्कर सीए स्टोर की क्षमता अब 640 मीट्रिक टन से बढाकर 2062 मीट्रिक टन किया गया है। इसी प्रकार से रोहडू सीए स्टोर की क्षमता 700 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 2031 मीट्रिक टन कर दी गई है। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधा के लिए रिकांगपिओ में 250 मीट्रिक टन और चच्योट में 500 मीट्रिक टन की क्षमता वाले नए सीए स्टोर स्थापित किए गए हैं। बागवानों और किसानों को और अधिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार ने सीए स्टोर बुकिंग दरें भी 2 रुपये प्रति किलोग्राम प्रतिमाह से घटाकर 1.60 रुपये प्रति किलोग्राम प्रतिमाह की हैं। जिससे किसानों और बागवानों को वित्तीय राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए पिछले दो वर्षों के दौरान अनेक निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत की है और सेब के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 10 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रति किलोग्राम किया गया है।